रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

खण्ड 75] प्रयागराज, शनिवार, 6 मार्च, 2021 ई० (फाल्गुन 15, 1942 शक संवत्) [संख्या 10

विषय-सूची

हर भाग के पन्ने अलग-अलग किये गये हैं, जिससे इनके अलग-अलग खण्ड बन सके।

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
सम्पूर्ण गजट का मूल्य		रु0
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस	291–304	3075
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञायें, विज्ञप्तियां इत्यादि, जिनको उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया	251–298	1500
भाग 1–ख (1) औद्योगिक न्यायाधिकरणों के अभिनिर्णय		
भाग 1–ख (2)–श्रम न्यायालयों के अभिनिर्णय		
भाग 2–आज्ञायें, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों का उद्धरण	..	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़पत्र, खण्ड क–नगरपालिका परिषद्, खण्ड ख–नगर पंचायत, खण्ड ग–निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा खण्ड घ–जिला पंचायत	..	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश	..	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तर प्रदेश	..	975
भाग 6–(क) बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किये गये या प्रस्तुत किये जाने से पहले प्रकाशित किये गये		975
(ख) सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट		
भाग 6–क–भारतीय संसद के ऐक्ट		
भाग 7–(क) बिल, जो राज्य की धारा सभाओं में प्रस्तुत किये जाने के पहले प्रकाशित किये गये		975
(ख) सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट		
भाग 7–क–उत्तर प्रदेशीय धारा सभाओं के ऐक्ट		
भाग 7–ख–इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	..	
भाग 8–सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गाठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आँकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आँकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि	335–355	975
स्टोर्स–पचेज विभाग का क्रोड़ पत्र	..	1425

भाग 1

विज्ञप्ति-अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस।

नियुक्ति विभाग

अनुभाग-4

पुनर्नियुक्ति

24 दिसम्बर, 2020 ई0

सं0 875/दो-4-2020-26/2(1)/2020—श्री जे0पी0 सिंह-II, प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को, दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 को उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त, दिनांक 01 जनवरी, 2021 से अथवा उसके पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रमुख सचिव, संसदीय कार्य विभाग के पद पर अधिकतम 02 वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक के लिये निम्नलिखित शर्तों के अधीन पुनर्नियुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं—

(1) पुनर्योजन की अवधि में उनको वह वेतन प्राप्त होगा जो उनके द्वारा आहरित अन्तिम वेतन में उनकी शुद्ध पेंशन (राशिकरण के पूर्व) की राशि घटाकर प्राप्त हो अथवा उनके पुनर्योजित पद के वेतनमान का अधिकतम, दोनों में से जो कम हो। उपर्युक्तानुसार निर्धारित वेतन एवं शुद्ध पेंशन के योग पर मंहगाई भत्ता अनुमन्य होगा परन्तु पेंशन पर पृथक से मंहगाई राहत अनुमन्य नहीं होगी।

(2) श्री सिंह की प्रास्थिति अस्थाई कर्मचारी की होगी तथा अस्थायी कर्मचारी की भांति वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-2, भाग-2 से 4 के सहायक नियम-157ए तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों के अनुसार अवकाश देय होंगे।

(3) पुनर्योजन की अवधि पेंशन के लिये नहीं गिनी जायेगी और पद का भार ग्रहण करने अथवा उसकी समाप्त पर कोई यात्रा-भत्ता नहीं देय होगा।

(4) पुनर्योजन की अवधि में सरकारी सेवक को यात्रा तथा दैनिक भत्ते उसके वेतन व शुद्ध पेंशन के योग के अनुसार अनुमन्य दरों पर देय होंगे जैसा कि यात्रा-भत्ता नियम 16-ए में प्राविधान है।

(5) पुनर्योजित सरकारी सेवक की पुनर्नियुक्ति, पुनर्योजन की अवधि समाप्त होने के पहले किसी समय बिना नोटिस के समाप्त की जा सकती है व जिस पद पर उन्हें पुनर्योजित किया गया है वह भी निर्धारित अवधि के पूर्व कभी समाप्त किया जा सकता है।

2—यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय पंजी संख्या-सा-3-820/दस-2020, दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

आज्ञा से,
मुकुल सिंहल,
अपर मुख्य सचिव।

गृह विभाग

[पुलिस सेवायें]

अनुभाग-1

प्रोन्नति

10 फरवरी, 2021 ई0

सं0 01/2021-I/50826/2021—उत्तर प्रदेश प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक, साधारण वेतनमान (वेतनमान रु0 15,600-39,100, ग्रेड पे रु0 5,400, पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे-लेवल 10 रु0 56,100-1,77,500) में कार्यरत निम्नलिखित अधिकारियों को विभागीय चयन समिति की बैठक दिनांक 29 जनवरी, 2021 में सम्यक् विचारोपरान्त की गयी संस्तुति के अनुक्रम में उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वर्तमान तैनाती

के स्थान पर ही पुलिस उपाधीक्षक, ज्येष्ठ वेतनमान (वेतनमान रु0 15,600-39,100, ग्रेड पे रु0 6,600, पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे-लेवल 11 रु0 67,700-2,08,700) में प्रोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं–

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	ज्येष्ठता क्रमांक	आवंटन वर्ष
1	2	3	4
1	मो0 मोहसिन खान	531	2013
2	श्री पीयूष कान्त राय	533	2013
3	श्री आलोक सिंह	535	2013
4	श्री ज्ञान प्रकाश राय	538	2013
5	श्री अभिनव यादव	539	2013
6	श्री अरविन्द कुमार वर्मा	540	2013
7	सुश्री श्वेता कुमारी यादव	542	2013
8	सुश्री मोनिका यादव	544	2013
9	श्री राम आशीष यादव	545	2013
10	श्री ओजस्वी चावला	550	2013
11	सुश्री वन्दना शर्मा	551	2013
12	सुश्री सलोनी अग्रवाल	552	2013
13	श्री राम करन	556	2013
14	श्री अवधेश कुमार पाण्डेय	592	2013
15	श्री पवन कुमार	595	2013
16	श्री अपूर्व मिश्र	597	2013
17	श्री ओम प्रकाश आर्या	598	2013
18	श्री शबीहुल हम्द	601	2013
19	श्री अजय भदौरिया	603	2013
20	श्री दिलीप सिंह	605	2013
21	श्री ब्रम्हपाल सिंह	608	2013
22	श्री मनोज कुमार विष्ट	612	2013
23	श्री संजय कुमार शर्मा	613	2013
24	श्री नन्दलाल	614	2013
25	श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह	615	2013
26	श्री सतीश कुमार	617	2013
27	श्री तौकीर अहमद	627	2013
28	श्री अशोक कुमार वर्मा	628	2013
29	श्री राम सेवक यादव	630	2013
30	श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर	631	2013

1	2	3	4
31	श्री युद्धवीर सिंह	634	2013
32	श्री मुन्ना उपाध्याय	636	2013
33	श्री शबी हैदर	637	2013
34	श्री अशोक कुमार पाण्डेय	638	2013
35	श्री मंगल सिंह रावत	640	2013
36	श्री अजय कुमार	645	2013
37	श्री गुरमीत सिंह	646	2013

2–उपर्युक्त प्रोन्नत अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल प्रोन्नति पद पर कार्यभार ग्रहण कर, कार्यभार प्रमाणक शासन एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा अन्य सम्बन्धित को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3–उपर्युक्त प्रोन्नत अधिकारियों की तैनाती के आदेश पृथक् से निर्गत किये जायेंगे।

आज्ञा से,
अवनीश कुमार अवस्थी,
अपर मुख्य सचिव।

राजस्व विभाग

अनुभाग-8

प्रोन्नति/नियुक्ति

16 फरवरी, 2021 ई0

सं0 I/51945/एक-8-2021–श्री बृजेश कुमार शुक्ला, उप संचालक चकबन्दी, सीतापुर को तात्कालिक प्रभाव से संयुक्त संचालक चकबन्दी (वेतनमान रु0 15,600-39,100, ग्रेड पे रु0 7,600 सातवें वेतन आयोग द्वारा संस्तुत वेतनमान के अनुसार लेवल-12) में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थायी रूप से प्रोन्नत करते हुये नियुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

प्रोन्नति के फलस्वरूप श्री बृजेश कुमार शुक्ला, संयुक्त संचालक चकबन्दी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की परिवीक्षा, यदि इस अवधि को बढ़ाया न जाय पर रहेंगे।

2–श्री बृजेश कुमार शुक्ला, नवप्रोन्नत संयुक्त संचालक चकबन्दी की तैनाती के सम्बन्ध में पृथक से आदेश जारी किया जायेगा।

आज्ञा से,
संजय गोयल,
सचिव।

लोक निर्माण विभाग

अनुभाग-8

प्रोन्नति

19 जनवरी, 2021 ई0

सं0 2/2021/173/23-8-2021-43(पी0डब्ल्यू0) अधि0/20–निर्देश याचिका संख्या 1555/2018 संजय भीमराव बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 राज्य लोक सेवा अधिकरण, उ0प्र0 द्वारा पारित आदेश दिनांक 25 सितम्बर,

2019 के अनुपालन में श्री संजीव भीमराव (ज्येष्ठता क्रमांक 2346), सहायक अभियंता (सिविल), प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, भदोही को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिशासी अभियन्ता (सिविल) के पद पर वेतन बैण्ड-3 रु0 15,600-39,100, ग्रेड वेतन रु0 6,600 में मौलिक रूप से प्रोन्नति किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2—श्री संजीव भीमराव को उनके कनिष्ठ श्री अनिल कुमार (ज्येष्ठता क्रमांक 2347) की अधिशासी अभियन्ता (सिविल) के पद पर पदोन्नति की तिथि 11 जुलाई, 2018 से नोशनल पदोन्नत माना जायेगा।

2—श्री संजीव भीमराव, प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग में कार्यालय में योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे तथा अग्रिम आदेशों तक अपनी वर्तमान तैनाती के स्थान पर बने रहेंगे और यथावत कार्य करते रहेंगे।

आज्ञा से,
राजेश प्रताप सिंह,
विशेष सचिव।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग

अनुभाग-4

सं0 52/18-4-2021-58 (विविध)/14

19 जनवरी, 2021 ई0

उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2020-25

1—पृष्ठभूमि—

वर्ष 2017-18 की अवधि में देश में होने वाला उत्पाद एवं सेवाओं का सम्मिलित निर्यात US$ 498.61 बिलियन था, जोकि विगत वर्ष की तुलना में 13.3 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2007-08 से वर्ष 2017-18 के मध्य निर्यात के क्षेत्र में 6.16 प्रतिशत की CAGR (Compound Annual Growth Rate) अर्जित हुई है जोकि देश को US$ 500 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाये जाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के दृष्टिगत महत्वपूर्ण है। देश से होने वाले निर्यात को बढ़ावा दिये जाने हेतु कई उपाय किये गये हैं जिनमें व्यापार को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने, संरचनात्मक सुविधाओं के विकास, मानव संसाधन विकास, पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु डिजीटाइजेशन को प्रोत्साहन, उद्यमिता विकास के साथ-साथ ईज आफ डूइंग बिजनेस प्रमुख हैं। वस्तु-निर्यात में 2015-16 से ही निरंतर वृद्धि देखी गयी जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वर्ष 2016-17 में डॉलर के रूप में 5.17 प्रतिशत तथा 2017-18 में 10.03 प्रतिशत आंकी गयी है। वर्ष 2018-19 में भारत का सकल निर्यात 314 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा है जिसे देखते हुये आगामी 5 वर्षों में भारतीय सकल निर्यात को 500 बिलियन यूएस डालर के स्तर तक पहुंचाया जा सकेगा।

वर्ष 2018-19 में 1.8 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के साथ सेवा क्षेत्र में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की गयी है जो कि भारत के सकल मूल्यवर्धन (GVA) का 54.3 प्रतिशत है। भारत के सकल मूल्य वर्धन (GVA) में सेवा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी को देखते हुये केन्द्र सरकार द्वारा चैम्पियन सर्विस सेक्टर स्कीम लांच की गयी है जिसके अन्तर्गत सूचना तकनीकी/आई0टी0 संचालित सेवायें, पर्यटन तथा आतिथ्य, वित्तीय सेवायें, चिकित्सीय पर्यटन, यातायात एवं लॉजिस्टिक सेवायें, लेखा एवं वित्त सेवायें, दृश्य श्रव्य सेवायें, विधिक सेवायें, संचार, निर्माण सम्बन्धित इंजीनियरिंग सेवायें, पर्यावरणीय सेवायें, शैक्षणिक सेवायें जैसी 12 महत्वपूर्ण सेवाओं को चिन्हित किया गया है।

किसी देश/प्रदेश की अर्थ व्यवस्था के विकास में निर्यात का महत्वपूर्ण योगदान होता है। निर्यात न केवल महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा का स्रोत होता है अपितु अतिरिक्त रोजगार सृजन का साधन तथा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में देश प्रतिष्ठा का भी निर्धारक होता है। इसी कारण निर्यात को अर्थ व्यवस्था के विकास का इंजन भी माना जाता है। उ0प्र0 भौगोलिक विशालता, जलवायुविक तथा सांस्कृतिक विविधता जनित उत्पादों की विशाल श्रृंखला, युवा शक्ति की ऊर्जा एवं हस्तशिल्प एवं कारीगरी की समृद्ध विरासत से सम्पन्न होने से निर्यात प्रोत्साहन की दृष्टि से सर्वाधिक

सम्भावनाशील है। प्रदेश का क्षेत्रफल फ्रांस के क्षेत्रफल का आधा, पुर्तगाल का तीन गुना, आयरलैण्ड का 4 गुना, स्विट्जरलैण्ड का 7 गुना, बेल्जियम का 10 गुना तथा इंग्लैण्ड के क्षेत्रफल से थोड़ा अधिक है। इस प्रकार प्रदेश की भौगोलिक विशालता एवं जलवायुविक तथा सांस्कृतिक विविधता से तैयार उत्पादों की विशाल श्रृंखला अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में प्रदेश के उत्पादों हेतु विशाल मांग का अवसर उपलब्ध कराती है।

प्रदेश की जनसंख्या लगभग 20 करोड़ से अधिक है जो देश की जनसंख्या का 16.7 प्रतिशत है। जिसमें युवाशक्ति की भागीदारी पूरे देश में सर्वाधिक है। प्रदेश की युवा शक्ति की विशाल ऊर्जा, हस्तशिल्प की विरासत के साथ ही आधुनिक तकनीकी ज्ञान से सम्पन्नता तथा उद्यमिता की भावना तथा ऊंची उड़ान के सपने प्रदेश को मानवीय संसाधनों की दृष्टि से वरदान है। प्रदेश से वर्ष 2017-18 में कुल रु0 88,966.55 करोड़ का निर्यात हुआ है। इस प्रकार देश के निर्यात में 4.55 प्रतिशत योगदान के साथ देश का 5वां सबसे बड़ा जबकि भू-आबद्ध राज्यों में प्रदेश सबसे बड़ा निर्यातक राज्य है। देश के कुल हस्तशिल्प निर्यात में लगभग 45 प्रतिशत, प्रोसेस्ड मीट में 41 प्रतिशत, कालीन में 39 प्रतिशत तथा चर्म एवं चर्म उत्पाद में प्रदेश की 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

प्रदेश से होने वाले कुल निर्यात में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाईयों की संख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर है तथा कृषि के उपरान्त सर्वाधिक रोजगार सृजन इसी क्षेत्र से होता है। प्रदेश में निर्यात विगत वर्षों की तुलना में बढ़ा है। विगत 5 वर्षों में प्रदेश में निर्यात की स्थिति राष्ट्रीय औसत के 1.51 प्रतिशत की तुलना में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) की दृष्टि से 7.06 प्रतिशत तक हुई है। विगत 5 वर्षों में प्रदेश का निर्यात अंश भी 3.9 प्रतिशत से बढ़कर 4.9 प्रतिशत हुआ है। उ0प्र0 भारत के अन्य निर्यातक प्रदेशों की सारणी में पांचवे क्रमांक पर है।

प्रदेश से किये जाने वाले निर्यात में प्रोसेस्ड फूड ऑफ एनिमल ओरिजिन (13.5%), टेलीकाम संयंत्र (7.45%) तथा आरएमजी मैन मेड फाईबर्स (5.31%) प्रदेश से 2018-19 के निर्यात की जाने वाली शीर्ष तीन सामग्री रहे। उत्तर प्रदेश से संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, यूनाईटेड किंगडम, नेपाल, जर्मनी, चाइना, स्पेन, फ्रांस तथा मलेशिया को प्रमुख रूप से निर्यात किया जाता है। प्रदेश की जनसंख्या 22 करोड़ है। यह अर्थशास्त्र का प्रतिपादित सिद्धान्त है कि यदि मानव संसाधन को प्रभावी ढंग से उपयोग में लाया जाये तो यह किसी भी संस्थान या राष्ट्र के लिये चमत्कारिक अनुकूल परिणाम प्रदान कर सकते हैं। उ0प्र0 का यह मानव संसाधन विभिन्न उद्यमों यथा कृषि उद्योग, पर्यटन, हस्तकला आदि अनेक विधाओं से पारंगत है।

उ0प्र0 के अधिकांश जनपद देश के दो प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र दिल्ली तथा कलकत्ता के निकट है। यहां की भूमि अपेक्षाकृत समतल है जो निर्यात सामग्रियों और सेवाओं के अभिवहन की दृष्टि से पहाड़ी क्षेत्रों की तुलना में अधिक अनुकूल है। उ0प्र0 नेपाल के अति निकट है जो निर्यात हेतु अनुकूल है। विगत वर्ष प्रथम बार नेपाल की रु0 4014 करोड़ से अधिक मूल्य का निर्यात किया गया। अपने उत्तरी पड़ोसी देश चीन से भी द्विपक्षीय समझौता होने की स्थिति में भी प्रदेश में निर्यात की स्थिति सुदृढ़ हो सकेगी। प्रदेश में 6 राजकीय हवाई अड्डे हैं जो आगरा, इलाहाबाद, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी में स्थित है। लखनऊ तथा वाराणसी से अन्तर्राष्ट्रीय वायु सेवायें भी संचालित हैं। मई 2018 में प्रदेश सरकार को मेरठ के जेवर ग्राम में नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का अनुमोदन केन्द्रीय नागरिक विमानपत्तन मंत्रालय से प्राप्त हो चुका है। इन सभी से प्रदेश निर्यात के लिये सर्वथा अनुकूल है।

भारत सरकार द्वारा देश में घोषित 100 स्मार्ट सिटीज में से सर्वाधिक अर्थात् 13 प्रदेश की हैं। 2018-19 के केन्द्रीय बजट में स्मार्ट सिटी मिशन के लिये कुल रु0 1650 करोड़ का प्राविधान किया गया है । इससे रु0 50626 करोड़ के 1333 परियोजाओं को संचालित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक पर्यावरण का सृजन होगा जो निर्यात को प्रोत्साहित करेगी। औद्योगकीकरण तथा नियोजित नगरीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 5 प्रमुख इण्डस्ट्रियल कोरीडोर्स को विकसित किया जा रहा है। इनमें से दो प्रमुख कोरीडोर्स दिल्ली, मुम्बई इण्डस्ट्रियल कोरीडोर्स (DMIC) तथा अमृतसर कोलकाता इण्डस्ट्रियल कोरीडोर्स से होने वाली आय को प्रदेश की जी0डी0पी0 में वृद्धि के लिये प्रयोग किया जायेगा। दिल्ली मुम्बई इण्डस्ट्रियल कोरीडोर (DMIC) इसके साथ ही 6 मेगा इण्डस्ट्रियल जोन, 3 पोर्ट्स और 6 हवाई अड्डे, एक 6 लेन इण्टरसेक्शन रहित एक्सप्रेस-वे जो दिल्ली से मुम्बई को जोड़ती है तथा कई पॉवर प्लान्ट्स विकसित किये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में इसका 36000 वर्ग कि0मी0 का क्षेत्र आता है जो 12 जनपदों में स्थित है। ग्रेटर नोएडा इस कोरीडोर का प्रवेश द्वार है। इसका सर्वाधिक लाभ प्रदेश को ग्रेटर नोएडा में इन्टीग्रेटेड इण्डस्ट्रियल टाउनशिप, दादरी में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब, बोराकी में मल्टी-मॉडल ट्रान्सपोर्ट हब के क्रम में प्राप्त हो रहा है। मेरठ-मुजफ्फरनगर औद्योगिक क्षेत्र तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्र भी इसी कोरीडोर के अनुकूल परिणाम है। अमृतसर कोलकाता इण्डस्ट्रियल कोरीडोर्स (AKIC) इसके आस-पास भी भारत सरकार ने इन्टीग्रेटेड इण्डस्ट्रियल डाउनशिप, इन्टीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर्स तथा लॉजिस्टिक हब की स्थापना का निर्णय लिया है। प्रत्येक उद्योगों को चाहे वह किसी भी क्षेत्र को हो प्रचुर मात्रा में भूमि व जल की आवश्यकता होती है, उत्तर प्रदेश में इन दोनों संसाधनों की प्रचुरता उद्योगों की स्थापना की दृष्टि से इसे अन्य राज्यों से पृथक करती है। यहां की उपजाऊ भूमि में उत्पादित कृषि उत्पाद उनके निर्यात हेतु उपयुक्त परिस्थितियां सृजित करते हैं। उ0प्र0 की धार्मिक धरोहर के रूप में यहां अयोध्या, मथुरा, कुशीनगर, वाराणसी, प्रयागराज आदि जनपद हैं। हाल ही में प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ की भांति अन्य कार्यक्रमों को आयोजित करने की आवश्यकता है। उ0प्र0 अच्छे सौर चमक क्षेत्र में है तथा यहां विशेषतः पूर्वी उ0प्र0 में सौर ऊर्जा को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में प्रयोग किये जाने की पर्याप्त क्षमता है। राज्य में 48 राष्ट्रीय राज मार्ग, हवाई अड्डे, रेल लिंग के माध्यम से सभी प्रमुख शहरों से अच्छी संचार व्यवस्था है। यह पूर्व में ही IT तथा IT's इलेक्ट्रानिक तथा सेमी कन्डक्टर उद्योगों की स्थापना से एक केन्द्र के रूप में विकसित हो चुका है। नोएडा इसका उदाहरण है। राज्य में 12 विशेष आर्थिक जोन्स संचालित हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से शासनादेश संख्या 1337/18-4-2015-58(विविध)/14, दिनांक 04 सितम्बर, 2015 द्वारा उ0प्र0 निर्यात नीति, 2015-20 घोषित की गयी है। भारत सरकार की प्रस्तावित विदेश व्यापार नीति, 2020-25 के साथ समन्वय स्थापित करते हुये प्रदेश में प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध अवसरों, प्रदेश में विद्यमान सम्भावनाओं का उपयोग, युवाओं को रोजगार सृजन, निर्यात की दिशा में त्वरित वृद्धि तथा प्रदेश में निर्यात परक प्रोत्साहनात्मक वातावरण के सृजन आदि के उद्देश्य से उपयुक्त रणीनतियों को समावेशित करते हुये प्रदेश की निर्यात नीति तैयार की गयी है। वर्तमान नीति से पूर्व कोई विशेष निर्यात नीति प्रदेश में प्रचलित नहीं थी, ऐसे में प्रथम बार विस्तृत निर्यात नीति का प्रख्यापन निम्नानुसार किया जाना प्रस्तावित है :

2–**नीति के उद्देश्य**–

(1) निर्यात के क्षेत्र में विकास एवं प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना।

(2) निर्यात सहायक संस्थाओं को निर्यात सम्बन्धी आवश्यक सहायता व सेवा प्रदान करना।

(3) राज्य से निर्यात में वृद्धि हेतु तकनीकी एवं भौतिक अवसंरचनाओं की स्थापना एवं विकास।

(4) निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योगों के निर्यात सामर्थ्य के विकास हेतु आवश्यक समर्थन प्रदान करना।

(5) स्थानीय/देश में निर्मित उत्पादों हेतु वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों का चिन्हांकन करना।

(6) निर्यात सम्बन्धी सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अंगीकृत करते हुये क्षमता विकास को प्रोत्साहित करना।

3–**क्रियान्वयन रणनीति**–निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्न रणनीति अपनायी जायेगी–

i. भारत सरकार के विभिन्न निर्यात परक विभागों एवं संस्थाओं जैसे निर्यात संवर्धन परिषदों, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संस्थाओं, फेडरेशन ऑफ इण्डियन एक्सपोर्ट आर्गनाईजेशन (FIEO), इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाईजेशन (ITPO), नेशनल सेन्टर फॉर ट्रेड इन्फारमेशन एण्ड प्रोडक्ट सेक्टोरल एसोसिएशन (NCTI) के बीच समन्वय सुदृढ़ करना। इस हेतु केन्द्र-राज्य समन्वय प्रकोष्ठ (Center State Coordination Cell) की स्थापना किया जाना।

ii. उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्द्धन परिषद के माध्यम से प्रदेश की इकाईयों को विपणन विकास सहायता हेतु वर्चुअल/फिजिकल मेला प्रदर्शनियों/बायर-सेलर मीट्स में प्रतिभाग करने में सहयोग करना।

iii. निर्यात प्रक्रिया का सरलीकरण-एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को कम करते हुए राज्य के विभिन्न विभागों के निर्यात सम्बन्धी प्रपत्रों के शीघ्र निस्तारण और निर्यातकों की समस्याओं के निवारण में ब्यूरो द्वारा समन्वयक की भूमिका निभाना।

iv. समर्पित जीएसटी सेल-निर्यातकों की शिकायतों के निस्तारण तथा अन्य निर्यात सम्बन्धी मामलों हेतु एक समर्पित जीएसटी सेल की स्थापना करना।

v. ''मेक इन उ0प्र0, मेक इन इण्डिया'' के ब्राण्ड का विकास एवं प्रोत्साहन।

vi. निर्यात योग्य उत्पादों हेतु भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication) पंजीयन प्राप्त करने में सहयोग करना।

vii. निर्यात की प्रबल संभावनाओं वाले जनपदों के उत्पाद तथा सेवाओं को चिन्हित करते हुये उनके निर्यात प्रोत्साहन हेतु, उत्पादकों एवं सेवा प्रदाताओं की क्षमता विकास तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना।

viii. B2B Exchange की स्थापना जिससे राज्य के लघु एवं छोटे उद्यमी भी आन लाईन व्यापारिक सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

ix. क्लियरेन्स की प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु अच्छा रिकार्ड रखने वाले निर्यातकों को ग्रीन कार्ड देने की व्यवस्था प्रारम्भ किया जाना।

x. निर्यात सम्बन्धी अवस्थापना विकास हेतु ट्रेट इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपोर्ट स्कीम (TIES) की भांति राज्य सरकार द्वारा योजना प्रारम्भ किया जाना।

xi. भारत सरकार की TIES योजना अन्तर्गत निर्यात उन्मुख जनपदों में निर्यात अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाना।

xii. निर्यातकों को निर्यात का वातावरण तथा विश्व स्तरीय अवस्थापना प्रदान करने हेतु निर्यात की अधिक सम्भावना रखने वाले जनपदों में क्लस्टर/सेवा आधारित विशेष आर्थिक परिक्षेत्रों की स्थापना किया जाना।

xiii. राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त फ्लैटेड इण्डस्ट्रियल पार्कों में स्थापित निर्यातक इकाईयों को 25 प्रतिशत अतिरिक्त फ्लोर एरिया रेशियों प्रदान किया जाना।

xiv. हस्तकला समूहों को प्रोन्नत करने हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा ''एक जनपद एक उत्पाद'' (ODOP) योजना लागू की गयी है। इसमें हस्तशिल्प समूहों का मार्जिन मनी, क्षमता विकास तथा तकनीकी अवस्थापना (रु0 15 करोड़ की CFC तक) हेतु सहायता दी जा रही है। ओडीओपी सीएफसी योजना अन्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों में से ओडीओपी उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने/उनके निर्यात को बढ़ावा देने सम्बन्धी प्रस्तावों को वरीयता प्रदान करना।

xv. ऐसे उत्पाद समूह जो ओडीओपी योजनान्तर्गत आच्छादित नहीं है किन्तु निर्यात की सम्भावना रखने वाले हों, को ब्यूरो द्वारा रु0 15 करोड़ तक की सीएफसी की स्थापना हेतु सहायता देने की रणनीति बनाना।

xvi. सेवा क्षेत्र से निर्यात बढ़ाने हेतु विशेष प्रावधान किया जाना।

xvii. उद्योग एवं शैक्षणिक समुदायों/संस्थाओं तथा उत्पाद आधारित औद्योगिक संगठनों के साथ एम0ओ0यू0 सम्पादित किया जाना।

xviii. निर्यातकों को परिवहन लागत, विद्युत व्यय, बाजार विकास, प्रमाणीकरण इत्यादि हेतु वित्तीय सहायता दिया जाना।

xix. उ0प्र0 में निर्यात तथा निर्यातकों हेतु एक विश्लेषणात्मक डाटाबेस का निर्माण करना।

xx. प्रतिस्पर्धात्मक निर्यात अवस्थापना के विकास हेतु पब्लिक-प्राइवेट इनीशिएटिव को प्रोत्साहित करना।

xxi. राज्य स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन परिषद्, राज्य स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति तथा जनपद स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समितियों को संस्थागत सुदृढ़ीकरण प्रदान करना।

xxii. जिला निर्यात संवर्द्धन परिषद् (DEPC) का गठन-जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी तथा उपायुक्त सदस्य सचिव होंगे। जनपद के प्रमुख निर्यात इकाइयों के तथा प्रमुख औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी परिषद् के सदस्य होंगे। परिषद् द्वारा बैठकें आयोजित कर जनपद के निर्यात इकाइयों की समस्याओं का निदान किया जायेगा।

xxiii. उद्यमियों तथा राज्य के अधिकारियों में निर्यात सम्बन्धी ज्ञान के प्रसार हेतु मांग के अनुसार क्षमता विकास की कार्यशालायें राज्य में विभिन्न जनपदों में आयोजित करना।

xxiv. उ0प्र0 निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मांग के सापेक्ष राज्य की अद्यतन तथा भावी निर्यात सम्भावनाओं को दर्शाते हुये प्रत्येक त्रैमास में एक रिपोर्ट का प्रकाशन।

xxv. जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय ''जिला निर्यात बन्धु'' का गठन किया जाना जिसमें नीति से सम्बन्धित विषयों तथा अन्य अनिस्तारित मामलों पर विचार/निस्तारण किया जाना।

xxvi. ''जिला निर्यात बन्धु'' की बैठक को प्रत्येक त्रैमास में आयोजन किया जाना।

xxvii. प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय एक्सपोर्टर्स कानक्लेव का आयोजन कर प्रदेश के निर्यातकों की निर्यात से सम्बन्धित विभिनन समस्याओं का समाधान तथा निर्यात विकास की सम्भावनाओं की तलाश करना।

xxviii. एक्सपोर्ट क्रडिट को बढ़ावा देने हेतु निर्यात सम्भावना वाले जनपदों में कम से कम बैंक की एक शाखा का निर्धारण जो सूक्ष्म व लघु इकाईयों को उपयुक्त दरों पर ऋण उपलब्ध करा सके।

xxix. विभिन्न क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से क्षेत्र/उत्पाद समूह वार परामर्शदात्री समितियों का गठन किया जाना तथा इन समितियों में निर्यात संवर्धन परिषदों, विशेषज्ञ संस्थाओं, केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभागों के साथ-साथ विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त करने के लिये प्रदेश सरकार के प्रवासी भारतीय विभाग को भी सम्मिलित किया जाना।

4–**नीति का क्रियान्वयन**–

i. यह नीति अधिसूचना जारी होने की तिथि से लागू होगी।

ii. इस नीति में किसी प्रकार के संशोधन की स्थिति में, घोषित/स्वीकृत किये गये ऐसे प्रोत्साहन जिनके लिये राज्य सरकार पूर्व से ही प्रतिबद्ध है को सम्बन्धित लाभ प्राप्त किये जाने वाली इकाई से वापस नहीं लिया जायेगा तथा इकाई उस लाभ के लिये हकदार होगी।

5–**नीति क्रियान्वयन हेतु संस्था**–

निर्यात नीति उ0प्र0 2020-25 के क्रियान्वयन सम्बन्धी कार्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो उत्तर प्रदेश (EPBUP), 8, कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ द्वारा सम्पादित किये जायेंगे।

6–**निर्यात के फोकस क्षेत्र**–

देश के प्रत्येक जनपद को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित किये जाने के बिजन को साकार करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करते हुये प्रत्येक जनपद का डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट प्लान तैयार किये जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 24 जनवरी, 2018 को प्रारम्भ किये गये 'एक जनपद एक उत्पाद' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों के निर्यात संभावनायुक्त उत्पादों का चिन्हांकन किया जा चुका है। इन उत्पादों के इको सिस्टम का अध्ययन करने हेतु डाइग्नोस्टिक स्टडी कराई जा चुकी है तथा चिन्हित अपूर्णताओं (Identified Gaps) की पूति हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रारम्भ की गयी हैं। इन योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुये चिन्हित किये गये उत्पादों की

अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार मानकों के अनुरूप गुणवत्ता में सुधार तथा इनके उत्पादकों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी सामर्थ्य का विकास कर प्रदेश की एक्सपोर्ट बास्केट में विस्तार किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। निर्यात के प्रमुख फोकस क्षेत्र निम्नवत् हैं :

- हस्तशिल्प
- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद
- इंजीनियरिंग गुड्स
- हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल
- चर्म उत्पाद
- कालीन एवं दरियां
- ग्लास एवं सिरेमिक उत्पाद
- काष्ठ उत्पाद
- स्पोर्ट्स गुड्स
- रक्षा उत्पाद
- सेवा क्षेत्र
- शिक्षा
- पर्यटन
- आई0टी एवं आई0टी0ई0एस0
- मेडिकल वेल्यू ट्रेवल्स
- लॉजिस्टिक्स

7–**निर्यात हेतु प्रोत्साहन**–

7.1–**वित्तीय प्रोत्साहन–**

(7.1.1) बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तथा विश्व व्यापार संगठन के विभिन्न प्राविधानों के अन्तर्गत भारत के विकासशील देश की श्रेणी से हटाकर विकसित देशों की श्रेणी में लाने के फलस्वरूप होने वाली चुनौतियों से निपटने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा संचालित त्वरित निर्यात विकास प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को समयानुकूल एवं युक्तिसंगत बनाया जायेगा।

(7.1.2) राज्य सरकार द्वारा कन्फर्मिटी यूरोपियन (CE) चाईना कम्पलसरी सर्टीफिकेट (CCC) आदि निर्यातकों द्वारा कराये जाने वाले अनिवार्य प्रमाणीकरण पर किये गये व्यय के 50 प्रतिशत (अधिकतम रु0 2 लाख प्रति इकाई, प्रति वर्ष) तक उपलब्ध कराया जायेगा।

(7.1.3) उत्तर प्रदेश एक भू-आच्छादित राज्य होने के कारण यहां से निर्यात किये जाने वाले उत्पादों को बंदरगाहों तक भेजने में अन्य राज्यों की तुलना के अपेक्षाकृत अधिक परिवहन लागत वहन करनी पड़ती है जिससे इन उत्पादों की निर्यात लागत अन्य प्रतिस्पर्धी राज्यों के उत्पादों की निर्यात लागत से तुलनात्मक रूप से अधिक होने के कारण इनकी निर्यात सामर्थ्य प्रतिकूलतः प्रभावित होती है। प्रदेश की इस भौगोलिक अवस्थिति से प्रदेश के निर्यातकों की निर्यात लागत में होने वाली वृद्धि में आंशिक रूप से प्रतिपूर्ति हेतु प्रदेश सरकार द्वारा गेटवे पोर्ट तक निर्यात हेतु भेजे गये माल भाड़े पर अनुदान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता को निर्यातकों द्वारा वहन की जाने वाली वर्तमान परिवहन लागत के सापेक्ष तार्किक बनाये जाने की आवश्यकता है।

इस योजना के अन्तर्गत गेटवे पोर्ट माल भाड़ा अनुदान योजनान्तर्गत आई0सी0डी0 सुविधा विहीन जनपदों से ट्रक के माध्यम से निर्यात हेतु परिवहन के लिये अनुदान की मद में किसी वित्तीय वर्ष में पात्र निर्यातक इकाइयों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता बजट प्राविधान के अन्तर्गत रखी जायेगी तथा किसी वित्तीय वर्ष में सृजित दायित्व को आगामी वित्तीय वर्ष में अग्रनीत नहीं किया जायेगा।

(7.1.4) वायुमार्ग से भेजे जाने वाले निर्यात उत्पादों के परिवहन व्यय के सापेक्ष आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने विषयक राज्य सरकार द्वारा संचालित वायुयान भाड़ा युक्तिकरण योजना को युक्तिसंगत बनाया जायेगा ताकि लखनऊ एवं वाराणसी में स्थित एयर कारगो काम्पलेक्स के साथ-साथ देश एवं प्रदेश के अन्य एयर कारगो काम्पलेक्स से भेजे जाने वाले ऐसे निर्यात उत्पादों जिनकी स्टेट ऑफ ओरिजिन उत्तर प्रदेश है, को भी शामिल किया जायेगा तथा इस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में अनुमन्य रु0 2.00 लाख प्रति इकाई प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता में वृद्धि करते हुये प्रति निर्यातक इकाई प्रतिवर्ष रु0 5.00 लाख की अधिकतम सीमा तक आर्थिक सहायता अनुमन्य होगी।

(7.1.5) विद्युत कर के रूप में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा प्राप्त की जाने वाली राशि उ0प्र0 सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि में समायोजित की जाती है। इस प्रकार इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में आने वाली कमी को राज्य सरकार द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को प्रतिपूर्ति की जायेगी।

(7.1.6) एक मेगावाट से अधिक स्वीकृत विद्युत भार वाली इकाइयों को Open access से विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

(7.1.7) अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से किये जाने वाले प्रयासों को प्रोत्साहित किया जायेगा तथा बौद्धिक सम्पदा अधिकार अधिनियम अन्तर्गत पेटेन्ट, ट्रेडमार्क तथा जी0आई0 पंजीकरण प्राप्त किये जाने हेतु तथा इस दिशा में जागरूकता पैदा करने वाली संस्थाओं/संगठनों हेतु वित्तीय प्रोत्साहन दिये जायेंगे तथा प्रत्येक जीआई हेतु Tag प्राप्त करने के लिये एक अलग सेल का गठन किया जायेगा।

(7.1.8) प्रस्तावित नीति के अन्तर्गत पात्र इकाइयों को वर्तमान व्यवस्था के अनुसार ही पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

(7.1.9) प्रदेश के प्रत्येक जनपद में क्लस्टर आधारित विशेष आर्थिक परिक्षेत्र में विकसित की जाने वाली अवस्थापना सुविधाओं का विकास कार्य ''उ0प्र0 निर्यात अवस्थापना विकास योजना'' हेतु प्राविधानित धनराशि से ही वित्त पोषित किया जायेगा।

8–निगेटिव लिस्ट में सम्मिलित इकाईयों के सम्बन्ध में व्यवस्था–

निर्यात नीति उत्तर प्रदेश, 2020-25 के अन्तर्गत पात्र इकाइयों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा तथा अन्य अनुषंकिग क्रियाकलापों पर होने वाला व्यय बजट में प्राविधानित धनराशि की सीमा के अन्तर्गत सीमित रखा जायेगा।

(8.1) प्रस्तावित नीति में भारत सरकार/राज्य सरकार की Negative List में सम्मिलित इकाइयों को कोई सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।

9–निर्यातकों को उनके आयात/निर्यात वाले कंसाइन्मेन्ट के निर्बाध परिवहन हेतु ग्रीन कार्ड निर्गत किये जायेंगे–

9.1–**अर्हता–**

(9.1.1) ऐसे निर्माणकर्ता/उत्पादक या भारत सरकार के Exim पालिसी के अन्तर्गत परिभाषित शत-प्रतिशत ईओयू या जिन्हें सीमा शुल्क विभाग द्वारा ग्रीन चैनल्स की सुविधा दी गई हो।

(9.1.2) निर्यातक जिनका विगत तीन वर्षों का औसत वार्षिक निर्यात टर्न ओवर रु0 1.00 करोड़ या अधिक का हो।

(9.1.3) ऐसी इकाईयां जिनके ऊपर किसी प्रकार का कर्ज 6 माह से अधिक का बकाया न हो तथा कोई मुकदमा विचाराधीन न हो।

(9.1.4) कर अपवंचन या फ्राड के मामले में कभी भी डिफाल्टर न हो।

(9.1.5) स्वतः निर्धारण द्वारा कर अदायगी से तत्पर होना।

(9.1.6) पी0एफ0 धनराशि जमा करने में तत्परता।

10–**सुविधायें**–

(10.1.1) ग्रीनकार्ड धारक के प्रस्तावों का राज्य के सभी विभागों द्वारा त्वरित निस्तारण किया जायेगा।

(10.1.2) ग्रीनकार्ड धारक के माल वाहक वाहनों का चेक पोस्ट पर न्यूनतम निरीक्षण होगा तथा उन्हें अनावश्यक रूप से नहीं रोका जायेगा।

(10.1.3) बिना किसी अवरोध के उन्हें स्टैचुटरी फार्म उनकी मांग पर उपलब्ध कराया जायेगा।

(10.1.4) कार्ड धारकों की विभिन्न विभागों से सम्बन्धित शिकायतों का विशेष शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के माध्यम से त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा।

(10.1.5) राज्य सरकार के समस्त विभागों से सम्बन्धित लाइसेंस/परमीशन/कम्प्लायेन्स/नवीनीकरण आदि मामलों हेतु एकल खिड़की प्रणाली।

11–**ब्राण्ड इक्विटी (उ0प्र0 के ब्रान्ड का प्रोत्साहन)**–

11.1 **इंडिया ब्राण्डइक्विटी फण्ड से अधिकाधिक निर्यातक इकाईयों को आच्छादित किया जाना**–

उत्तर प्रदेश में निर्मित होने वाले उत्पादों/सेवाओं को वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धी ब्राण्ड के रूप में स्थापित किये जाने हेतु वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित इंडिया ब्राण्ड इक्विटी फाउंडेशन के अन्तर्गत प्रदेश की अधिकाधिक निर्यातक इकाईयों को लाभान्वित कराने हेतु हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जायेगा।

12–**निर्यातकों हेतु मार्केट रिसर्च तथा डाटा बेस तैयार करना**–

निर्यातकों हेतु मार्केट रिसर्च तथा डाटा बेस तैयार करने हेतु निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के स्तर पर रु0 1.00 करोड़ प्रतिवर्ष का एक फण्ड सृजित किये जाने का प्रावधान किया जायेगा। इस फण्ड से निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों तथा अन्य विशेषज्ञ संस्थाओं के सहयोग से अध्ययन कराते हुए डेटाबेस तैयार किया जायेगा ताकि निर्यातकों को रीयल टाइम डेटा डिसिमिनेशन एवं मार्केट इंटेलीजेंस का लाभ प्राप्त हो सके।

13–**सेवा क्षेत्र से निर्यात हेतु प्रोत्साहन**–

प्रदेश से सेवा क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से सेवाओं को चिन्हीकृत करते हुये उनके विकास हेतु अनुकूल परिवेश का सृजन किया जा रहा है। इस हेतु भारत सरकार द्वारा घोषित चैम्पियन सर्विसेस सेक्टर स्कीम अन्तर्गत सम्यक् प्रस्ताव तैयार कर सम्बन्धित नोडल केन्द्रीय मंत्रालय/विभाग को विचारार्थ प्रस्तुत किये जायेंगे। प्रदेश के सर्वाधिक निर्यात सम्भावनाओं वाले सेवा क्षेत्रों में विभिन्न विशेषज्ञ संस्थाओं के सहयोग से क्षमता विकास से सम्बन्धित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के संचालन को प्रोत्साहित किया जायेगा–

(a) नर्सिंग पाठ्यक्रम

(b) केयर गिवर्स पाठ्यक्रम

(c) आयुष तथा वेलनेस प्रशिक्षण

(d) तकनीकी क्षमता विकास प्रशिक्षण

(e) पर्यटन तथा आतिथ्य सेवायें

(f) शैक्षणिक सेवायें

14–**सेवा क्षेत्र से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन**–

14.1 निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा इस हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये इन पाठ्यक्रमों का संचालन विशेषज्ञ संस्थाओं के माध्यम से किया जायेगा। ऐसे क्षमता विकास प्रशिक्षणों के प्रोत्साहन के लिये प्रति प्रशिक्षणार्थी आने वाले व्यय का 75 प्रतिशत निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा वहन किया जायेगा। प्रति प्रशिक्षणार्थी कुल व्यय पाठ्यक्रमों के निरूपण के पश्चात् निकाला जायेगा। इन प्रशिक्षणों/पाठ्यक्रमों को आयोजित करने हेतु निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा राष्ट्रीय क्षमता विकास निगम/एफ आईईओ/प्रशिक्षण देने वाले निजी क्षेत्रों से भी सहयोग लिया जायेगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु सक्षम प्राधिकारी से मान्यता प्राप्त की जायेगी ताकि सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इन प्रमाण-पत्रों के आधार पर अपनी सेवायें प्रदान करने हेतु अर्ह हो सकें।

14.2 आई0टी0 क्षेत्र में बायर सेलर मीट के आयोजन हेतु बिजनेस फैसिलिटेशन फोरम की स्थापना की जायेगी।

14.3 आई0टी0 तथा आई0टी0 इनेबल्ड सर्विसेस से सम्बन्धित अन्तर्राष्ट्रीय मेलों में प्रतिभाग करने वाली इकाईयों को प्रतिभागिता पर आने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

14.4 जेवर एयरपोर्ट, डेडीकेटैट फ्रंट कोरिडोर आदि के आस-पास लॉजिस्टिक्स हब विकसित किये जायेंगे।

14.5 कारगो हैण्डलिंग एजेण्ट्स द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को संस्थागत रूप प्रदान करने हेतु अनुकूल परिवेश का सृजन किया जायेगा।

14.6 प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक मेलों में प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा।

15–**निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो तथा उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्द्धन परिषद् का सुदृढ़ीकरण**–

15.1 जनपद स्तर पर जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र को निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के जनपद स्तरीय कार्यालय के रूप में इस भांति विकसित किया जायेगा ताकि यह कार्यालय एवं इनमें तैनात अधिकारी/कर्मचारी जनपद को डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित किये जाने हेतु प्रभावी भूमिका का निर्वहन कर सकें।

15.2 उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्द्धन परिषद् को इस भांति सुदृढ़ीकरण किया जायेगा ताकि परिषद् निर्यात संवर्द्धन हेतु राज्य सरकार के नॉलेज पार्टनर के रूप में प्रभावी भूमिका का निर्वाह कर सके तथा राज्य सरकार द्वारा निर्यात संवर्द्धन से सम्बन्धित संचालित किये जाने वाले कार्यक्रम एवं योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एक्सपोर्ट्स कम्युनिटी तथा राज्य सरकार के मध्य एक सेतु के रूप में कार्य कर सके।

15.3 निर्यात प्रोत्साहन से जुड़े हुये कार्मिकों में राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सम-सामयिक दक्षता के विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों/रिफेशर्स कोर्सेज का अनिवार्य रूप से आयोजन/प्रतिभाग कराया जायेगा।

15.4 उपायुक्त, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र को उपायुक्त उद्योग के साथ-साथ उपायुक्त निर्यात के रूप में भी जाना जायेगा।

16–**क्षमता विकास**–

उद्यमिता विकास तथा निर्यात प्रोत्साहन हेतु निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो/उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्द्धन परिषद् द्वारा निर्यात सम्भावनाओं वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर क्षमता विकास कार्यक्रमों का संचालन किया जायेगा।

17–**निर्यात के क्षेत्र में ''बेस्टप्रैक्टिसेज से निर्यातकों को परिचित कराने हेतु क्षमता विकास कार्यक्रम**–

निर्यात के क्षेत्र में ''बेस्टप्रैक्टिसेज से निर्यातकों को परिचित कराने हेतु क्षमता विकास के कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

18–**उ0प्र0 कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2019**–

उ0प्र0 सरकार द्वारा कृषि आधारित निर्यात को बढ़ावा देने तथा कृषकों की आय को दूरा करने के उद्देश्य से उ0प्र0 कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2019 घोषित की गई है। उ0प्र0 निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2020 द्वारा कृषकों की आय को दूना करने तथा कृषि क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से उन सभी अवयवों को अंगीकृत कर सकेगी जो उ0प्र0 कृषि प्रोत्साहन नीति से अनाच्छादित हैं।

18.1 पशुक्रय-विक्रय हेतु पशु ई-हाटपोर्टल विकसित किया जाना, निर्यातोन्मुखी इकाईयों में नर भैंसा उत्पादन पर इन्सेन्टिव की व्यवस्था तथा प्रदेश को फुट-माउथ-डिजीज मुक्त किये जाने हेतु रोग मुक्त क्षेत्रों की स्थापना पर बल दिया जायेगा।

18.2 खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित निर्यातक इकाईयों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विशेषज्ञ सेवाओं के हायर किये जाने पर वित्तीय सहायता का प्राविधान किया जायेगा।

18.3 आर्गेनिक कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से मार्केट स्टडी कर समस्त भागीदारों के मध्य आंकड़ों का सम्प्रेषण करते हुये उनमें निर्यात सामर्थ्य का विकास किया जायेगा।

18.4 अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में स्वीकार्य मानकों के अनुरूप उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यकतानुरूप जागरूकता/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

19–प्रस्तावित नीति में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/परिवर्द्धन, संशोधन एवं परिमार्जन मा0 मंख्य मंत्री जी की अनुमति से किया जा सकेगा।

आज्ञा से,
नवनीत सहगल,
अपर मुख्य सचिव।

पी0एस0यू0पी0–49 हिन्दी गजट–भाग 1–2021 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०-ए०डी०-4
लाइसेन्स सं०-डब्ल्यू०पी०-41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 6 मार्च, 2021 ई० (फाल्गुन 15, 1942 शक संवत्)

भाग 1-क

नियम, कार्य विधियां, आज्ञायें, विज्ञप्तियां इत्यादि, जिनको उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया।

HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD

NOTIFICATION

January 26, 2021

No. 59/Admin.(Services)-2021–The Court's Notification No. 28/Admin.(Services)/2021, dated January 21, 2021 regarding posting of Sri Anupam Goyal, Additional District & Sessions Judge, Lalitpur as Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Barabanki is hereby cancelled.

No. 60/Admin.(Services)-2021–Sushri Kavita Singh, Additional Civil Judge, Senior Division/ Additional Chief Judicial Magistrate, Lucknow to be Secretary (Full Time), District Legal Services Authority, Lucknow *vice* Smt. Sapna Tripathi.

No. 61/Admin.(Services)-2021–Smt. Sapna Tripathi, Secretary (Full Time), District Legal Services Authority, Lucknow to be Additional Chief Judicial Magistrate, Lucknow *vice* Sri Sharad Kumar Chaudhary.

She is also appointed U/s 11(2) of the Code of Criminal Procedure, 1973 (Act No. 2 of 1974) as Judicial Magistrate, First Class for trying cases relating to Economic Offences at Lucknow.

No. 62/Admin.(Services)-2021–Sri Sharad Kumar Chaudhary, Additional Chief Judicial Magistrate, Lucknow to be Additional Chief Judicial Magistrate (Special Court Ayodhya Prakaran), Lucknow in the vacant Court.

No. 63/Admin.(Services)-2021–Smt. Purnima Sagar, Additional Civil Judge, Senior Division/ Additional Chief Judicial Magistrate, Lucknow to be Special Chief Judicial Magistrate, Lucknow *vice* Sri Sunil Kumar-II.

No. 64/Admin.(Services)-2021–Sri Sunil Kumar-II, Special Chief Judicial Magistrate, Lucknow to be Civil Judge, Senior Division, Malihabad sitting at Lucknow *vice* Sri Sudesh Kumar.

No. 65/Admin.(Services)-2021–Sri Sudesh Kumar, Civil Judge, Senior Division, Malihabad sitting at Lucknow to be Civil Judge, Senior Division, Mohanlalganj sitting at Lucknow *vice* Sri Sanjay Kumar-V.

No. 66/Admin.(Services)-2021–Sri Sanjay Kumar-V, Civil Judge, Senior Division, Mohan Lal

Ganj sitting at Lucknow to be Civil Judge, Senior Division, Lucknow *vice* Smt. Sushil Kumari.

No. 67/Admin.(Services)-2021–Smt. Sushil Kumari, Civil Judge, Senior Division, Lucknow to be Chief Judicial Magistrate, Lucknow *vice* Sri Shiva Nand.

No. 68/Admin.(Services)-2021–Sri Shiva Nand, Chief Judicial Magistrate, Lucknow to be Chief Judicial Magistrate, Ramabai Nagar/Kanpur Dehat *vice* Sri Vinay Kumar-II.

No. 69/Admin.(Services)-2021–Sri Vinay Kumar-II, Chief Judicial Magistrate, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat to be Civil Judge, Senior Division, Ramabai Nagar *vice* Sri Kamalkant Gupta.

No. 70/Admin.(Services)-2021–Sri Kamalkant Gupta, Civil Judge, Senior Division, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat to be Additional Chief Judicial Magistrate, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat *vice* Smt. Sakshi Garg.

He is also appointed U/s 11(2) of the Code of Criminal Procedure, 1973 (Act No. 2 of 1974) as Judicial Magistrate, First Class for trying cases relating to Economic Offences at Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat.

No. 71/Admin.(Services)-2021–Smt. Sakshi Garg, Additional Chief Judicial Magistrate, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat to be Secretary (Full Time), District Legal Services Authority, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat *vice* Smt. Sonali Poonia.

No. 72/Admin.(Services)-2021–Smt. Sonali Poonia, Secretary (Full Time), District Legal Services Authority, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat to be Additional Civil Judge, Senior Division/ Additional Chief Judicial Magistrate, Ramabai Nagar/ Kanpur Dehat.

No. 73/Admin.(Services)-2021–Sri Indra Jeet Singh-II, Chief Judicial Magistrate, Mirzapur to be Chief Judicial Magistrate, Hapur *vice* Smt. Swati.

No. 74/Admin.(Services)-2021–Smt. Swati, Chief Judicial Magistrate, Hapur to be Chief Judicial Magistrate, Mirzapur *vice* Sri Indra Jeet Singh-II.

No. 75/Admin.(Services)-2021–Smt. Lovely Jaiswal, Civil Judge, Senior Division, Mirzapur to be I-Civil Judge, Senior Division, Hapur *vice* Sri Amit Kumar Singh.

No. 76/Admin.(Services)-2021–Sri Amit Kumar Singh, I-Civil Judge, Senior Division, Hapur to be Additional Chief Judicial Magistrate, Hapur *vice* Sri Manoj Kumar Shasan.

He is also appointed U/s 11(2) of the Code of Criminal Procedure, 1973 (Act No. 2 of 1974) as Judicial Magistrate, First Class for trying cases relating to Economic Offences at Hapur.

No. 77/Admin.(Services)-2021–Sri Manoj Kumar Shasan, Additional Chief Judicial Magistrate, Hapur to be Civil Judge, Senior Division, Mirzapur *vice* Smt. Lovely Jaiswal.

January 30, 2021

No. 78/Admin.(Services)-2021–Sri Jitendra Yadav, Additional District & Sessions Judge, Azamgarh to be Additional District & Sessions Judge/Special Judge, Azamgarh *vice* Sri Ravish Kumar Attri.

He is also appointed under section 12-A of U. P. Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981, as Special Judge at Azamgarh against the special court created for trying cases under the said Act.

No. 79/Admin.(Services)-2021–Sri Ravish Kumar Attri, Special Judge/Additional District & Sessions Judge, Azamgarh to be Additional District & Sessions Judge, Azamgarh.

No. 80/Admin.(Services)-2021–Sri Dhruva Rai, Additional District & Sessions Judge, Azamgarh to be Special Judge, Azamgarh *vice* Sri Sheo Chand for trying cases under section 14 of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 (Act no. 33 of 1989) in the exclusive special court.

No. 81/Admin.(Services)-2021–Sri Sheo Chand, Special Judge/Additional District & Sessions Judge, Azamgarh to be Additional District & Sessions Judge, Azamgarh.

No. 82/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government Notification No. 04/2021/85/VII-Nyay-2-2021-58G/2001, dated January 19, 2021, Sri Surendra Nath Tripathi, Additional District &

Sessions Judge, Azamgarh is appointed/posted as Principal Judge, Family Court, Firozabad.

No. 83/Admin.(Services)-2021–Sri Vinod Kumar-IV, Principal Judge, Family Court, Firozabad to be District & Sessions Judge, Hardoi.

No. 84/Admin.(Services)-2021–Sri Raghvendra, District & Sessions Judge, Hardoi to be District & Sessions Judge, Moradabad.

No. 85/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government O. M. No. 74/II-4-2021-26/2(3)/82 T.C., dated January 29, 2021, Sri Rakesh Kumar-III, Presiding Officer, Motor Accident Claim Tribunal, Chandauli is appointed/posted as Presiding Officer, Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Authority, Kanpur Nagar.

No. 86/Admin.(Services)-2021–Sri Pramod Kumar Sharma, Presiding Officer, Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Authority, Kanpur Nagar to be District & Sessions Judge, Siddharthnagar.

No. 87/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government O. M. No. 74/II-4-2021-26/2(3)/82 T.C., dated January 29, 2021, Sri Narendra Kumar Jha, Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Lakhimpur Kheri is appointed/posted as Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Chandauli.

No. 88/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government O. M. No. 74/II-4-2021-26/2(3)/82 T.C., dated January 29, 2021, Sri Lokesh Rai, Special Judge/Additional District & Sessions Judge, Varanasi is appointed/posted as Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Lakhimpur Kheri.

No. 89/Admin.(Services)-2021–Sri Surendra Prasad (Mishra), Presiding Officer, Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Authority, Jhansi to be District & Sessions Judge, Bahraich.

No. 90/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government O. M. No. 74/II-4-2021-26/2(3)/82 T.C., dated January 29, 2021, Sri Virjendra Kumar Singh, Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Gorakhpur is appointed/posted as Presiding Officer, Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Authority, Jhansi.

No. 91/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government O. M. No. 74/II-4-2021-26/2(3)/82 T.C., dated January 29, 2021, Sri Bhagwati Prasad Saxena, Principal Judge, Family Court, Sant Kabir Nagar is appointed/posted as Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Gorakhpur.

No. 92/Admin.(Services)-2021–Pursuant to Government Notification No. 04/2021/85/VII-Nyay-2-2021-58G/2001, dated January 19, 2021, Sri Shakeel Ahmad Khan, Presiding Officer, Motor Accident Claims Tribunal, Hamirpur is appointed/ posted as Principal Judge, Family Court, Sant Kabir Nagar.

No. 93/Admin.(Services)-2021–Sri Ram Bilash Singh, Additional District & Sessions Judge, Sitapur to be Additional District & Sessions Judge/Special Judge, Sitapur *vice* Sri Ramayan Sharma.

He is also appointed under section 12-A of U. P. Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981, as Special Judge at Sitapur against the special court created for trying cases under the said Act.

2–नगरपालिका परिषद्, सण्डीला, हरदोई की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करने वाले वाहन चालक इन नियमों से अपने को नियन्त्रित समझेगा क्योंकि वह प्रान्तीय अथवा नगरपालिका सड़कों एवं अन्य वाहनों जो नगरपालिका की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करते हो की सड़कों एवं पटरियों का प्रयोग करते हों, वही वाहन चालक अपने वाहनों को तब तक नगरपालिका परिषद्, सण्डीला की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा जब तक देय शुल्क का भुगतान न कर दे। यह शुल्क मोहर्रिर/नायब राजस्व मोहर्रिर/ठेकेदार को दिया जायेगा। जहां पर नगरपालिका परिषद्, सण्डीला निश्चित करेगी।

3–प्रत्येक वाहन चालक अपने वाहन निर्धारित स्थान या नगर की सीमा में किसी स्थान पर माल उतारने, चढाने एवं सवारियां उतारने-चढाने एवं ठहरने वाले वाहनों से मोहर्रिर/नायब राजस्व मोहर्रिर/ठेकेदार जैसी स्थित हो उनसे शुल्क वसूल कर रसीद दे सके।

4–इस प्रकार की रसीद प्राप्त करने वाला व्यक्ति नगरपालिका परिषद्, सण्डीला के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी तथा उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर रसीद दिखाने के लिए बाध्य होगा एवं दिखलायेगा जो जांचोपरान्त उसे विधिवत वापस कर दिया जायेगा।

5–नगरपालिका परिषद्, सण्डीला, अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा कि निर्धारित स्थान एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने परन्तु ऐसा करने के लिए उसे कम से कम 24 घण्टे पूर्व सूचना जारी करनी होगी।

6–यदि कोई वाहन बिना शुल्क अदा किये नगरपालिका परिषद्, सण्डीला की सीमा के अन्दर पाया गया तो अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत जांच अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति से निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त शुल्क का कम से कम चार गुना और अधिक से अधिक 20 गुना दण्ड के रूप में दण्ड वसूल कर रसीद देगा।

7–यदि कोई भी वाहन बगैर शुल्क अदा किये भाग जाने पर चालक का पूरा पता अथवा गाडी नम्बर जो भी हो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत कानूनी कार्यवाही का अधिकार होगा।

8–यह कि नगरपालिका चाहे तो वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क की वसूली का वार्षिक अथवा उसके किसी भाग का ठेका दे सकती है ऐसी स्थिति में ठेकेदार निर्धारित दरों पर शुल्क वसूल कर रसीद नियमानुसार जारी करेगा तथा पार्किंग शुल्क अवशेष होने पर पार्किंग शुल्क की वसूली भू0 राजस्व भाति की जा सकेगी।

4– शुल्क से मुक्ति–

(1) निम्न वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क से मुक्त होंगे–

(क) मृत पार्टी ले जाने वाले समस्त वाहन या एम्बूलेंस।

(ख) सरकारी कर्मचारियों के स्थनान्तरण पर उनका घरेलू सामान जो किसी भार वाहन पर हो किन्तु प्रतिबन्ध यह रहेगा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जावे, जो मांगने पर दिया जावें।

(ग) अन्य सरकारी वाहन (रोडवेज को छोडकर) जो सरकारी ड्यूटी पर हो किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जाये।

(घ) नगर सीमा के अन्दर बिना रूके सीधे जाने वाले वाहन।

(ङ) जन प्रतिनिधि–सांसद, विधायक, मंत्री, राज्यमंत्री एवं समकक्ष प्रतिनिधि आदि के वाहन जो व्यक्तिगत/सरकारी हो करमुक्त होंगे।

5–प्रतिबन्ध–

(1) नगरपालिका परिषद्, सण्डीला, हरदोई की सीमा में प्रवेश करने वाले तिपहिया, बस, टैम्पो, टू सीटर एवं विक्रम नगर के अन्दर चलने वाले ऑटो रिक्शा एवं थ्री व्हीलर की निम्नलिखित स्थान पर खडे होने एवं सवारी उतारने एवं चढाने हेतु निर्धारित किये जाते है।

(क) बेनीगंज बस अड्डा/पार्किंग।

(ख) अतरौली रोड बस अड्डा/पार्किंग।

(ग) उन्नाव/बांगरमऊ तिराहा बस अड्डा/पार्किंग।

(घ) गौसगंज रोड तिराहा पार्किंग।

(ड) लखनऊ रोड पार्किंग।

(च) प्रतिभा पुलिया के पास पार्किंग।

(2) कोई भी प्राइवेट बस, लारी, मिनीबस, जीप, टैक्सी, टैम्पों इत्यादि जो सवारियां ढोती है वह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस स्टैण्ड से 1 किमी0 परिधि में सवारी उतारने व चढाने हेतु न तो गाडी पार्किंग करेगा और न ही सवारी भरेगा। उल्लघंन की दशा में अर्थदण्ड का भागी होगा।

(3) अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद्, सण्डीला, हरदोई को यह अधिकार होगा कि किसी भी विवाद के उल्लघंन होने पर उनका निर्णय अन्तिम होगा तथा उपनियम के किसी भी धारा में आवश्यक पड़ने पर संशोधन करने का अधिकारी होगा, परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि निर्धारित स्थान से आगे शहरी आवादी में प्रतिबन्धित गाडियों को अनुमति नहीं दी जायेगी।

शुल्क का विवरण

नगर पालिका परिषद सण्डीला, हरदोई की सीमा में प्रवेश एवं ठहरने वाले वाहनों से निम्न सारणी के अनुसार शुल्क वसूली करेगी।

1	प्रत्येक मोटर, मोटर लारी ,बस (रोडवेज प्राइवेट बस), ट्रक तथा अन्य डीजल अथवा पेट्रोल से चलने वाले वाहन आदि	रु0 50.00 प्रति चक्कर (परन्तु एक दिन के लिये रु0 100.00 प्रतिदिन)
2	ट्रैक्टर ट्राली	रु0 20.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 50.00)
3	मिनी बस, छोटा ट्रक, मेटाडोर इत्यादि	रु0 30.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 70.00)
4	टैक्सी, मार्शल जीप, टैम्पो इत्यादि	रु0 25.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 60.00)
5	ई-रिक्शा	10.00 रु0 प्रतिदिन

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगरपालिका परिषद्, सण्डीला, जनपद हरदोई यह निर्देश देती है कि उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड दिया जायेगा, जो रु0 1,000.00 तक हो सकता है। यदि निरन्तर जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि अपराध करता चला आ रहा है तो रु0 25.00 अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जायेगा। अर्थदण्ड अदा न करने पर निमयानुसार कार्यवाही की जायेगी।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्, सण्डीला,
हरदोई।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा)

21 अक्टूबर, 2019 ई0

सं0 321/न0पा0प0-श0/2019-20—उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद, जिला आगरा अपनी बोर्ड बैठक दिनांक 23 सितम्बर, 2019 के द्वारा नगरपालिका क्षेत्र की सीमा में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं संचालन शुल्क उपविधि प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली की धारा 301 के अन्तर्गत दैनिक समाचार-पत्र ''अमर उजाला'' में दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 में आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रकाशन कराया गया था। निर्धारित अवधि 15 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने के उपरान्त बोर्ड के प्रस्ताव संख्या दिनांक 07 मार्च, 2020 द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि निम्नवत् उपविधि प्रकाशन उपरान्त प्रभावी मानी जायेगी।

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं संचालन शुल्क उपविधि

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में वर्णित सूची के अन्तर्गत नियमावली में दी गयी नगरपालिका के अनुसार ठोस अपशिष्ट शुल्क आरोपित उपविधियां।

नियमावली/उपविधियां

1—संक्षिप्त शीर्ष नाम प्रारम्भ और आवृति।

2—यह नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी मानी जायेगी।

परिभाषायें—विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल होने पर इस नियमावली में—

(क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(ख) 'नगरपालिका' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) से है।

(ग) 'शुल्क' का तात्पर्य पालिका में वर्णित मदों पर लगाये गये शुल्क से है।

(घ) 'प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी' का तात्पर्य प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) से है।

(ङ) 'निरीक्षणकर्ता' से तात्पर्य कर निरीक्षक या जिसको नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) अधिकृत किया गया हो।

3—नियमावली में दी गई तालिका में वर्णित मदों पर निर्धारित धनराशि को नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद की सीमा में रहते हुए प्रतिदिन/प्रतिघटना शुल्क के रूप में देना होगा।

4—नियमावली में दी गयी तालिका में वर्णित मदों पर शुल्क दिये जाने की सूची तैयार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद का होगा।

5—ठोस अपशिष्ट घटना की तिथि में देय होगा।

क्र0सं0	कृत्य	नगरपालिका द्वारा आरोपित धनराशि
1	2	3
		रु0
1	आवासीय भवन स्वामियों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	500.00 प्रतिदिन
2	दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	550.00 प्रतिदिन
3	रेस्टोरेन्ट मालिक द्वारा खुले में कचरा डालने पर	1,500.00 प्रतिदिन
4	होटल मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	2,500.00 प्रतिदिन
5	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर	1,000.00 प्रतिदिन
6	हलवाई, चाट, पकोड़ी, फास्ट फूड आईसक्रीम गन्ने का रस एवं अन्य जूस, सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	500.00 प्रतिदिन

1	2	3
		रु0
7	गोबर सार्वजनिक स्थानों पर डालने पर	2,500.00 प्रतिदिन
8	निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगरपालिका की सड़क पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	1,000.00 प्रतिदिन
9	सरकारी भवनों, चौराहों एवं शहरी चार दीवारी की दीवारों व उनके गेटों पर निजी वाणिज्यिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	1,000.00 प्रतिदिन
10	बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर तथा नाली तोड़ने की दशा में	1,500.00 प्रतिदिन
11	अपने मकान भवन का सीवरेज कनेक्शन नहीं लेकर सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले में बहाने पर	500.00 प्रतिदिन तथा मरम्मत चार्ज
12	क्रमांक 2 से 6 तक वर्णित व्यवसायियों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नहीं रखने पर	1,000.00 प्रतिदिन
13	दुकानदार अथवा ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेयरिंग कर ऑयल, मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर	500.00 प्रतिदिन
14	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हड्डियाँ, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सड़क, आम रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर	500.00 प्रतिदिन
15	आम रास्ता, सड़क व मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड़, ऊँट, गधा घोड़ा, सुअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर	500.00 प्रतिदिन
16	शादी/विवाह स्थलों के बाहर खुले में कचरा डालने पर	500.00 प्रतिदिन
17	आम रास्ता, सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुलेआम मांस-मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	1,000.00 प्रतिदिन
18	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	1,000.00 प्रतिदिन
19	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर	100.00 प्रतिदिन
20	दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता, सड़क अथवा दुकानों के सामने की खाली सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर	200.00 प्रतिदिन
21	आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर	2,500.00 प्रतिदिन
22	प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होग, क्लीनिक, दवाखाना इत्यादि द्वारा आम रास्तों, सड़क फुटपाथ पर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर	500.00 प्रतिदिन
23	सड़क के किनारे वॉशिंग मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करने की दशा में	1,000.00 प्रतिदिन
24	विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों जैसे प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलोजी इत्यादि के जैव चिकित्सीय अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर	500.00 प्रतिदिन तथा पानी का कनेक्शन काटने का चार्ज।

1	2	3
		रु0
25	खुले में शौच करने पर	500.00 प्रति घटना
26	व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर डस्टबिन न रखने पर	100.00 प्रति घटना
27	पान मसाला/गुटखा इत्यादि की पीक सड़क, पटरी, दीवार व सरकारी भवन में थूकने व धुम्रपान करने पर	पहली बार पाये जाने पर 100.00 दोबारा पाये जाने पर 500.00
28	नाली में कूड़ा/कचरा इत्यादि डालकर नाली अवरुद्ध करने पर	200.00 प्रति घटना
29	घरेलू (तेजाब, हारपिक सेनेटरी पैड इत्यादि) तथा विनाशकारी इलैक्ट्रोनिक कचरा खुले में डालने पर	200.00 प्रति घटना
30	खाली प्लॉट में सॉलिड वेस्ट (कचरा,गोबर इत्यादि) फेंकने पर	1,000.00 प्रति घटना
31	बल्क वेस्ट उत्पादक द्वारा अपने परिक्षेत्र में कचरा फेलाने/इधर-उधर फेंकने तथा आग लगाने इत्यादि पर	3,000.00 प्रति घटना
32	मकान की तोड़-फोड़/पुनः निर्माण/नवनिर्माण से उत्पन्न कचरे को खाली प्लॉट/सरकारी भूमि तथा इधर-उधर फेंकने पर	1,000.00 प्रतिदिन
33	गीले एंव सूखे कूड़े को पृथक्-पृथक् न देने पर	100.00 प्रतिदिन घरेलू 5,000.00 प्रति घटना (मैरिज होम, वैवाहिक स्थल, प्रति हॉल इत्यादि) 500.00 प्रति घटना (व्यवसायिक स्थल)

उपरोक्त कैरिंग चार्ज/शमन शुल्क प्रथम बार उल्लंघन करने पर आरोपित किया जायेगा। घटना की पुनरावृत्ति करने पर 2 से 3 गुना वसूल किया जायेगा।

लक्ष्मी देवी,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्,
शमसाबाद (आगरा)।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा)

21 अक्टूबर, 2019 ई0

सं0 322/न0पा0प0-श0/2019-20—उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद, जिला आगरा अपनी बोर्ड बैठक दिनांक 23 सितम्बर, 2019 के द्वारा नगरपालिका क्षेत्र की सीमा में वाणिज्य नियंत्रण लाइसेंस उपविधि प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली की धारा 301 के अन्तर्गत दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' में दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 में आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रकाशन कराया गया था। निर्धारित अवधि 15 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने के उपरान्त बोर्ड के प्रस्ताव संख्या 4, दिनांक 07 मार्च, 2020 द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि निम्नवत् उपविधि प्रकाशन उपरान्त प्रभावी मानी जायेगी।

वाणिज्य नियंत्रण लाइसेंस उपविधि

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में वर्णित सूची के अन्तर्गत नियमावली में दी गयी नगरपालिका के अनुसार लाइसेंस शुल्क आरोपित उपविधियां।

नियमावली/उपविधियां

1–संक्षिप्त शीर्ष नाम प्रारम्भ और आवृत्ति–

2–यह नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी मानी जायेगी।

परिभाषायें–विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल होने पर इस नियमावली में–

(क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(ख) 'नगरपालिका' से तात्पर्य नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) से है।

(ग) 'शुल्क' का तात्पर्य पालिका में वर्णित मदों पर लगाये गये शुल्क से है।

(घ) 'प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी' का तात्पर्य प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) से है।

(ङ) 'निरीक्षणकर्ता' से तात्पर्य कर निरीक्षक या जिसको नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) अधिकृत करे से है।

3–नियमावली में दी गयी तालिका में वर्णित मदों पर निर्धारित धनराशि को नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद की सीमा में रहते हुये वार्षिक शुल्क के रूप में देना होगा।

4–नियमावली में दी गयी तालिका में वर्णित मदों पर शुल्क दिये जाने की सूची तैयार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद का होगा।

5–लाइसेंस शुल्क वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में देय होगा। आरोपित कर की सूचना प्रथमबार नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद कार्यालय द्वारा शुल्कदाता के पास भेजी जाये उसके पश्चात् प्रतिवर्ष निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

6–यदि शुल्कदाता अपना सम्बन्धित कारोबार बंद करता है, तो उसे 15 दिवस में लिखित रूप में कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) को सूचित करना होगा। अधिशासी अधिकारी स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति से जांच कराकर संतुष्टि पश्चात् भविष्य के लिये शुल्क की समाप्ति कर सकता है।

7–शुल्कदाता को उक्त शुल्क प्रतिवर्ष अप्रैल माह से जमा करने के लिये छूट होगी। उसके पश्चात् जमा कराने पर प्रतिमाह रु0 20.00 विलम्ब शुल्क देना होगा। इस संदर्भ में कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

8–उक्त दरों में प्रति 5 वर्ष के बाद 25 प्रतिशत की वृद्धि मान्य होगी।

तालिका

क्रम सं0	विवरण	प्रस्तावित दरें
1	2	3
		रु0
	(क) होटल/रेस्टोरेंट–	
1	होटल लॉजिंग तथा गेस्ट हाउस 10 शैय्या तक	400.00 प्रतिवर्ष
2	होटल लॉजिंग तथा गेस्ट हाउस 11 शैय्या से 20 शैय्या तक	1,000.00 प्रतिवर्ष
3	सामान्य होटल	250.00 प्रतिवर्ष
4	रेस्टोरेन्ट	200.00 प्रतिवर्ष

1	2	3
		रु0
	(ख) नर्सिंग होम–	
1	नर्सिंग होम (20 बेड तक)	750.00 प्रतिवर्ष
2	नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर)	1,500.00 प्रतिवर्ष
3	प्रसूति गृह (20 बेड तक)	1,250.00 प्रतिवर्ष
4	प्राइवेट अस्पताल	1,500.00 प्रतिवर्ष
5	पैथालॉजी सेन्टर	250.00 प्रतिवर्ष
6	एक्स-रे क्लीनिक	750.00 प्रतिवर्ष
7	डेण्टल क्लीनिक	750.00 प्रतिवर्ष
8	प्राइवेट क्लीनिक	400.00 प्रतिवर्ष
	(ग) परिवहन–	
1	ट्रांसपोर्ट (बिना वाहन एजेन्सी)	1,000.00 प्रतिवर्ष
2	ट्रांसपोर्ट (वाहन सहित)	1,250.00 प्रतिवर्ष
3	आटो रिक्शा (2 सीटर)	100.00 प्रतिवर्ष
4	आटो रिक्शा 7 सीटर (टैम्पो)	150.00 प्रतिवर्ष
5	आटो रिक्शा 4 सीटर	125.00 प्रतिवर्ष
6	मिनी बस	500.00 प्रतिवर्ष
7	बस	750.00 प्रतिवर्ष
8	रिक्शा किराये पर	100.00 प्रतिवर्ष
9	रिक्शा निजी चालित	50.00 प्रतिवर्ष
10	ट्राली	100.00 प्रतिवर्ष
11	अन्य चार पहियों के वाहन तथा व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन)	150.00 प्रतिवर्ष
12	मोटर गैरेज	400.00 प्रतिवर्ष
13	स्कूटर गैरेज/रिपेयरिंग शाप	100.00 प्रतिवर्ष
14	मोटर वाहन एजेन्सी (सेल्स/सर्विस)	150.00 प्रतिवर्ष
15	स्कूटर गैरिज (2 पहिया)	800.00 प्रतिवर्ष
16	साइकिल दुकान	100.00 प्रतिवर्ष
	(घ) पेट्रोलियम–	
1	दुकान मिट्टी का तेल 100 गैलन तक	100.00 प्रतिवर्ष
2	मिट्टी के तेल की दुकान 300 गैलन तक	250.00 प्रतिवर्ष
3	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प थोक (ऑयल कम्पनी)	1,500.00 प्रतिवर्ष
4	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प फुटकर	1,000.00 प्रतिवर्ष
5	दुकान अन्य पेट्रोल उत्पाद	400.00 प्रतिवर्ष
	(ङ) अन्य व्यवसाय–	
1	आटा चक्की/मसाला आदि पीसने की चक्की	100.00 प्रतिवर्ष
2	धुलाई (गृह लाउन्ड्री)	100.00 प्रतिवर्ष
3	ड्राई क्लीनर	150.00 प्रतिवर्ष
4	साबुन फैक्ट्री	500.00 प्रतिवर्ष
5	आइसक्रीम फैक्ट्री तथा कोल्डड्रिंक शोडा स्टेड वाटर फैक्ट्री	500.00 प्रतिवर्ष

1	2	3
		रु0
6	गुद्ड़ गोदाम	500.00 प्रतिवर्ष
7	कंकड़ तथा सुर्खी की भट्ठी	750.00 प्रतिवर्ष
8	चूना	100.00 प्रतिवर्ष
9	ईंट भट्ठा	2,500.00 प्रतिवर्ष
10	पेठा बनाने का कारखाना	400.00 प्रतिवर्ष
11	जूता बनाने का कारखाना	400.00 प्रतिवर्ष
12	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, ईंट, बालू, थोक मोरंग, मारबल, टाईल्स, सेनेटरी, हार्ड वेयर (फुटकर)	750.00 प्रतिवर्ष
13	बिजली के सामान के विक्रेता	150.00 प्रतिवर्ष
14	कपड़ा फुटकर एवं थोक विक्रेता	250.00 प्रतिवर्ष
15	चाय के थोक विक्रेता	100.00 प्रतिवर्ष
16	गट फैक्ट्री	100.00 प्रतिवर्ष
17	खाल एवं बाल उतारने वालों पर	300.00 प्रतिवर्ष
18	कैटरिंग	300.00 प्रतिवर्ष
19	बेकरी	400.00 प्रतिवर्ष
20	बेकरी पावर	750.00 प्रतिवर्ष
21	हेयर कटिंग सैलून	150.00 प्रतिवर्ष
22	ब्यूटी पार्लर	300.00 प्रतिवर्ष
23	कुकिंग गैस एजेन्सी	500.00 प्रतिवर्ष
24	जनरल मर्चेन्ट	700.00 प्रतिवर्ष
25	टेलरिंग हाउस (5 से अधिक कर्मचारी)	1,000.00 प्रतिवर्ष
26	टेलरिंग हाउस (5 कर्मचारी)	200.00 प्रतिवर्ष
27	कोयला थोक विक्रेता	1,500.00 प्रतिवर्ष
28	कोयला फुटकर विक्रेता	150.00 प्रतिवर्ष
29	मसाला/पान मसाला (फैक्ट्री)	1,500.00 प्रतिवर्ष
30	पेन्ट की दुकान	4,000.00 प्रतिवर्ष
31	ज्वेलर्स (बड़े) 5 लाख से ऊपर टर्न ओवर	8,000.00 प्रतिवर्ष
32	ज्वेलर्स (छोटे) 5 लाख से कम टर्न ओवर	4,000.00 प्रतिवर्ष
33	विज्ञापन एजेन्सी	4,000.00 प्रतिवर्ष
34	डेयरी फार्म	400.00 प्रतिवर्ष
35	भूसा थोक विक्रेता	400.00 प्रतिवर्ष
36	भूसा फुटकर विक्रेता	150.00 प्रतिवर्ष
37	आडियो लाइब्रेरी	150.00 प्रतिवर्ष
38	वीडिओ लाइब्रेरी	300.00 प्रतिवर्ष
39	केबिल टी0वी0	400.00 प्रतिवर्ष
40	आर्कीटेक्ट, कन्सलटेंट विधि, चार्टेड एकाउन्टेन्ट, कास्ट एकाउन्टेन्ट	2,000.00 प्रतिवर्ष
41	फाइनेंस कम्पनी चिट फण्ड	2,000.00 प्रतिवर्ष

1	2	3
		रु0
42	इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	4,000.00 प्रतिवर्ष
43	फाउण्डिग इंजिनियरिंग इण्डस्ट्रियल	400.00 प्रतिवर्ष
44	ढलाई भट्ठी, खाद मशीन आदि	250.00 प्रतिवर्ष
45	पशुवध (छोटा)	5.00 प्रतिवर्ष
46	पशुवध (बड़ा)	10.00 प्रतिवर्ष
47	साग गोदाम/फल गोदाम	150.00 प्रतिवर्ष
48	हड्डी, खाल, सींग, चमड़ा आदि गोदाम	400.00 प्रतिवर्ष
49	अनाज, तिलहन, चीनी गुड़ खांडसारी थोक विक्रेता	2,000.00 प्रतिवर्ष
50	अनाज, तिलहन, चीनी गुड़ खांडसारी फुटकर विक्रेता	600.00 प्रतिवर्ष
51	आइस फैक्ट्री	100.00 प्रतिवर्ष
52	कोल्ड स्टोर	2,000.00 प्रतिवर्ष
53	शोरा फैक्ट्री	2,000.00 प्रतिवर्ष
54	टेन्ट हाउस	500.00 प्रतिवर्ष
	दुकान–	
1	पान/तम्बाकू की दुकान	100.00 प्रतिवर्ष
2	चाय की दुकान	100.00 प्रतिवर्ष
3	जनरल मर्चेन्ट की दुकान फुटकर	300.00 प्रतिवर्ष
4	किताबों की थोक दुकान	400.00 प्रतिवर्ष
5	किताबों की फुटकर दुकान	150.00 प्रतिवर्ष
6	न्यूज पेपर विक्रेता	150.00 प्रतिवर्ष
7	लकड़ी की टाल थोक विक्रेता	400.00 प्रतिवर्ष
8	लकड़ी की टाल फुटकर विक्रेता	150.00 प्रतिवर्ष
9	टिम्बर मर्चेन्ट	4,000.00 प्रतिवर्ष
10	रेडियो मैकेनिक, टी0वी0 मरम्मत	400.00 प्रतिवर्ष
11	टी0वी0 शाप/इलेक्ट्रानिक्स वस्तुयें	1,250.00 प्रतिवर्ष
12	फर्टीलाइजर शाप	400.00 प्रतिवर्ष
13	प्लास्टिक फैक्ट्री	2,000.00 प्रतिवर्ष
14	प्लास्टिक ट्रेडर्स	250.00 प्रतिवर्ष
15	मिठाई की दुकान	250.00 प्रतिवर्ष
16	पानी बतासा की दुकान विक्रेता	100.00 प्रतिवर्ष
17	ड्राई फ्रूट थोक विक्रेता	400.00 प्रतिवर्ष
18	ड्राई फ्रूट फुटकर विक्रेता	200.00 प्रतिवर्ष
19	गैस फिलिंग प्लांट	4,000.00 प्रतिवर्ष
20	गैस फिलिंग दुकान (छोटी)	100.00 प्रतिवर्ष
21	सब्जी की दुकान/फल की दुकान	100.00 प्रतिवर्ष
22	विल्डर्स (रजिस्टर्ड)	1,500.00 प्रतिवर्ष
23	मसाले थोक विक्रेता	1,500.00 प्रतिवर्ष

1	2	3
		रु0
24	मसाले के फुटकर विक्रेता	750.00 प्रतिवर्ष
25	पीतल एवं स्टील वर्तन/पीतल से बनी वस्तुओं के थोक विक्रेता	2,000.00 प्रतिवर्ष
26	पीतल एवं स्टील वर्तन/पीतल से बनी वस्तुओं के फुटकर विक्रेता	500.00 प्रतिवर्ष
27	आटा चक्की/मसाला चक्की	500.00 प्रतिवर्ष
28	आटा मिल	2,000.00 प्रतिवर्ष
29	ऑयल मिल	5,000.00 प्रतिवर्ष
30	भैंसा, भैंस (बड़ा) पशु मांस की दुकान	500.00 प्रतिवर्ष
31	बकरी/बकरा (छोटा) पशु मांस की दुकान	1,000.00 प्रतिवर्ष
32	फर्नीचर की दुकान (शोरूम)	1,500.00 प्रतिवर्ष
33	फर्नीचर विक्रेता	1,000.00 प्रतिवर्ष
34	क्रॉकरी विक्रेता	250.00 प्रतिवर्ष
35	चूड़ी विक्रेता	100.00 प्रतिवर्ष
36	जूता (चमड़ा प्लाटिक) विक्रेता	250.00 प्रतिवर्ष
37	ग्लास फैक्ट्री/कांच के बनने वाली समस्त फैक्ट्री	500.00 प्रतिवर्ष
38	अंग्रेजी एवं आयुर्वेदिक दवा की दुकान फुटकर/थोक	250.00 प्रतिवर्ष
39	रस्सी/बांस/बल्ली आदि की दुकान	100.00 प्रतिवर्ष
40	अन्य सभी प्रकार की दुकान एवं प्रतिष्ठान	100.00 प्रतिवर्ष
41	अन्य सभी प्रकार की फैक्ट्रियां आदि	250.00 प्रतिवर्ष
	पशुपालन–	
1	प्रति पशु (बड़ा)	10.0 प्रतिवर्ष
2	प्रति पशु (छोटा)	5.00 प्रतिवर्ष
3	कॉजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना	
	(क) छोटा जानवर	50.00 प्रतिवर्ष
	(ख) बड़ा जानवर	100.00 प्रतिवर्ष
4	प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर बकरी आदि	20.00 प्रतिवर्ष
5	प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर गाय, भैंस, घोड़े आदि	30.00 प्रतिवर्ष

दण्ड

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद्, शमसाबाद (आगरा) यह आदेश करती है कि उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकन रु0 500.00 (पांच सौ रुपये) तक जुर्माना किया जा सकता है कि उल्लंघन बराबर जारी रहते अर्थदण्ड दिया जायेगा जो अपराधी द्वारा प्रथमबार अपराध किये जाने की तिथि से रु0 5.00 प्रतिदिन के हिसाब से हो सकता है।

लक्ष्मी देवी,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्,
शमसाबाद (आगरा)।

कार्यालय, नगर पंचायत, सफीपुर (उन्नाव)

22 फरवरी, 2021 ई0

सं0 02-1510/उप0 प्रका0/न0पं0स0/2020-2021—उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (1) (2) सूची (1) खण्ड "ज" के भाग "ख" के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव अपनी बोर्ड बैठक दिनांक 20 जुलाई, 2019 के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में "वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली, 2020" बनायी है, जिसे आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु दैनिक राष्ट्रीय सहारा एवं दैनिक पायनियर समाचार-पत्र में दिनांक 07 जनवरी, 2021 को प्रकाशित कराकर आपत्तियां आमन्त्रित की गयी थी परन्तु निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति नहीं प्राप्त हुयी है। यह नियमावली राजकीय गजट में प्रकाशन के दिनांक से नगर पंचायत, सफीपुर की सीमा में प्रभावी होगी।

वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली, 2020

1—**शीर्षक**—यह उपविधि न0पं0 सफीपुर (उन्नाव) वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली, 2020 कहलायेगी।

2—**प्रकृति**—यह उपविधि उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से नगर पंचायत समिति/विहित प्राधिकारी की स्वीकृति से सीमा में प्रभावी होगी।

3—**परिभाषायें**—विषय का प्रयोग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इन उपविधियों से है—

(क) "नगर पंचायत" से तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, जनपद उन्नाव से है;

(ख) "नगर पंचायत की सीमाओं" से तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमायें या भविष्य में बढ़ने से निर्धारित होकर प्रभावी होने वाली सीमा से है;

(ग) "अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव के अधिशासी अधिकारी से है;

(घ) "अध्यक्ष" से तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, जनपद उन्नाव के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है;

(ङ) "अधिनियम" से तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है;

(च) "वाहनों" से तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा से गुजरने वाले भार से लदे/सवारी ढोने वाले वाहनों से है;

(छ)"कर्मचारी" का तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव के कर्मचारी से है;

(ज) "नाका बैरियर" से तात्यर्प नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव के नाका बैरियर से है;

(झ) "सड़क/पटरियों" का तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा अन्तर्गत आने वाले मार्गों प्रान्तीय, गैर प्रान्तीय एवं नगर की सड़क पटरियों से है।

4—**शुल्क का विवरण अधिरोपण एवं संग्रह**—नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करते वाहनों ट्रक/ट्रैक्टर मय ट्राली, डी0सी0एम0 ट्योटा जो व्यवहारिक दृष्टि से चलते हैं, मोटर लारी रोडवेज, स्टोर वाहन, टाटा सूमो, मार्शल, टैक्सी, मेटाडोर, जीप, भारी वाहन, बस/अन्य डीजल/पेट्रोल/गैस/इलेक्ट्रॉनिक/बैट्री से चलने वाले वाहनों जो व्यापारिक सामान उतारने चढाने एवं सवारियां उतारने-चढाने एवं ठहरने वाले वाहनों को नियन्त्रित करने हेतु उपविधि बनायी गई है, जिन पर यह शुल्क लागू होंगे।

5—नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करने वाले वाहन चालक इन नियमों से अपने को नियन्त्रित समझेगा क्योंकि वह प्रान्तीय अथवा नगर पंचायत सड़कों एवं अन्य वाहनों जो नगर पंचायत की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करते हों की सड़कों एवं पटरियों का प्रयोग करते हों, वही वाहन चालक अपने वाहनों को तब तक नगर पंचायत, सफीपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा जब तक देय शुल्क का भुगतान न कर दे। यह शुल्क मोहर्रिर/नायब राजस्व मोहर्रिर/ठेकेदार को दिया जायेगा। जहां पर नगर पंचायत, सफीपुर निश्चित करेगी।

6—प्रत्येक वाहन चालक अपने वाहन निर्धारित स्थान या नगर की सीमा में किसी स्थान पर माल उतारने, चढाने एवं सवारियां उतारने-चढाने एवं ठहरने वाले वाहनों से मोहर्रिर/नायब राजस्व मोहर्रिर/ठेकेदार जैसी स्थित हो उनसे शुल्क वसूल कर रसीद दे सके।

7–इस प्रकार की रसीद प्राप्त करने वाला व्यक्ति नगर पंचायत, सफीपुर के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी तथा उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर रसीद दिखाने के लिए बाध्य होगा एवं दिखलायेगा जो जांचोपरान्त उसे विधिवत वापस कर दिया जायेगा।

8–नगर पंचायत, सफीपुर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा कि निर्धारित स्थान एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने परन्तु ऐसा करने के लिए उसे कम से कम 24 घण्टे पूर्व सूचना जारी करनी होगी।

9–यदि कोई वाहन बिना शुल्क अदा किये नगर पंचायत, सफीपुर की सीमा के अन्दर पाया गया तो अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत जांच अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति से निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त शुल्क का कम से कम चार गुना और अधिक से अधिक 20 गुना दण्ड के रूप में दण्ड वसूल कर रसीद देगा।

10–यदि कोई भी वाहन बगैर शुल्क अदा किये भाग जाने पर चालक का पूरा पता अथवा गाड़ी नम्बर जो भी हो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत कानूनी कार्यवाही का अधिकार होगा।

11–यह कि नगर पंचायत चाहे तो वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क की वसूली का वार्षिक अथवा उसके किसी भाग का ठेका दे सकती है ऐसी स्थिति में ठेकेदार निर्धारित दरों पर शुल्क वसूल कर रसीद नियमानुसार जारी करेगा तथा पार्किंग शुल्क अवशेष होने पर पार्किंग शुल्क की वसूली भू-राजस्व भांति की जा सकेगी।

शुल्क से मुक्ति

12–निम्न वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क से मुक्त होंगे।

(क) मृत पार्टी ले जाने वाले समस्त वाहन या एम्बूलेंस।

(ख) सरकारी कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर उनका घरेलू सामान जो किसी भार वाहन पर हो किन्तु प्रतिबन्ध यह रहेगा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जावे, जो मांगने पर दिया जावे।

(ग) अन्य सरकारी वाहन (रोडवेज को छोड़कर) जो सरकारी ड्यूटी पर हों किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जाये।

(घ) नगर सीमा के अन्दर बिना रुके सीधे जाने वाले वाहन।

प्रतिबन्ध

13–नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा में प्रवेश करने वाले तिपहिया, बस, टैम्पो, टू-सीटर एवं विक्रम नगर के अन्दर चलने वाले ऑटो रिक्शा एवं थ्री व्हीलर की निम्नलिखित स्थान पर खड़े होने एवं सवारी उतारने एवं चढाने हेतु निर्धारित किये जाते हैं।

(क) उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गुलाब बिल्डिंग वाहन पार्किंग।

(ख) 1-मियांगज रोड पार्किंग, 2-उन्नाव-हरदोई मार्ग पर ब्लॉक रोड पार्किंग।

(ग) परियर रोड पार्किंग।

14–कोई भी प्राइवेट बस, लारी, मिनीबस, जीप, टैक्सी, टैम्पों इत्यादि जो सवारियां ढोती हैं वह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस स्टैण्ड से 1 किमी0 परिधि में सवारी उतारने व चढाने हेतु न तो गाड़ी पार्किंग करेगा और न ही सवारी भरेगा। उल्लंघन की दशा में अर्थदण्ड का भागी होगा।

15–अध्यक्ष, नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव को यह अधिकार होगा कि किसी भी विवाद के होने पर उनका निर्णय अन्तिम होगा तथा उपनियम के किसी भी धारा में आवश्यकता पड़ने पर संशोधन करने का अधिकारी होगा, परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि निर्धारित स्थान से आगे शहरी आवादी में प्रतिबन्धित गाडियों को अनुमति नहीं दी जायेगी।

शुल्क का विवरण

16–नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा में प्रवेश एवं ठहरने वाले वाहनों से निम्न सारणी के अनुसार शुल्क वसूली करेगी–

1	प्रत्येक मोटर, मोटर लारी, बस (रोडवेज, प्राइवेट बस), ट्रक तथा अन्य डीजल अथवा पेट्रोल से चलने वाले वाहन आदि	रु0 50.00 प्रति चक्कर (परन्तु एक दिन के लिये रु0 100.00 प्रतिदिन)
2	ट्रैक्टर ट्राली	रु0 20.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 50.00)
3	मिनी बस, छोटा ट्रक, मेटाडोर इत्यादि	रु0 30.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 70.00)
4	टैक्सी, मार्शल जीप, टैम्पो इत्यादि	रु0 25.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 60.00)
5	तांगा, ई-रिक्शा	रु0 5.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रु0 20.00)

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत, सफीपुर, जनपद उन्नाव यह निर्देश देती है कि उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड दिया जायेगा, जो रु0 1,000.00 तक हो सकता है। यदि निरन्तर जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि अपराध करता चला आ रहा है तो रु0 25.00 अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जायेगा। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 मास का कारावास का दण्ड दिया जा सकेगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, सफीपुर,
उन्नाव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स-''ए के डी इन्टरप्राइजेज'', 31/51, शिवाजी मार्ग, निकट बैंक ऑफ बड़ौदा, अमीनाबाद, लखनऊ, उ0प्र0 226018, रजि0 नं0-एल यू सी/0003819 का पंजीकरण दिनांक 25 जून, 2019 को कराया गया था जिसमें अरूण कुमार पाण्डेय प्रथम एवं कुलदीप वर्मा द्वितीय साझेदार थे। उक्त फर्म में दिनांक 21 जनवरी, 2021 को श्रीमती स्मिता बंसल को तृतीय व मनीष बंसल को चतुर्थ साझेदार के रूप में शामिल कर लिया गया है, वर्तमान में उक्त फर्म में अरूण कुमार पाण्डेय प्रथम, कुलदीप वर्मा द्वितीय, स्मिता बंसल तृतीय एवं मनीष बंसल चतुर्थ साझीदार के रूप में सम्मिलित हैं।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक रूप से औपचारिकताओं का पालन स्वयं मेरे द्वारा किया गया है।

अरूण कुमार पाण्डेय,
साझेदार,
मेसर्स-ए के डी इन्टरप्राइजेज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स इण्डस्ट्रियल सिक्योरिटी गार्ड्स सर्विसेज, 29, पुराना ममफोर्डगंज, प्रयागराज की भागीदार राज मोहिनी पाण्डेय का दिनांक 20 मई, 2020 को निधन हो गया है तथा सुधांशु पाण्डेय दिनांक 21 मई, 2020 को उक्त फर्म में नये भागीदार के रूप में शामिल हो गये हैं। मृतक भागीदार राजमोहिनी पाण्डेय का उक्त फर्म से सम्बन्धित किसी प्रकार का लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है।

भास्कर नारायण पाण्डेय,
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स-''ताजपुरिया लेमिनेट्स'', प्रथम तल आफिस नं0 4, शिवानी पैलेस, संजय गांधी पुरम, फैजाबाद रोड, लखनऊ, रजि0 नं0-203611 का पंजीकरण दिनांक 16 अक्टूबर, 2017 को कराया गया था जिसमें अशोक कुमार अग्रवाल प्रथम, रितेश कुमार अग्रवाल द्वितीय, सुनील कुमार अग्रवाल तृतीय साझेदार थे। उक्त फर्म के द्वितीय साझेदार रितेश कुमार अग्रवाल दिनांक 05 सितम्बर, 2020 से स्वेच्छा से उक्त फर्म से अलग हो गये हैं तथा उक्त

तिथि से फर्म से इनका कोई लेना-देना नहीं होगा। वर्तमान में उक्त फर्म में अशोक कुमार अग्रवाल प्रथम एवं सुनील कुमार अग्रवाल द्वितीय साझीदार के रूप में सम्मिलित हैं।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक रूप से औपचारिकताओं का पालन स्वयं मेरे द्वारा किया गया है।

अशोक कुमार अग्रवाल,
साझेदार,
मेसर्स-ताजपुरिया लेमिनेट्स।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स-''स्नार फूड्स'', सी-1292, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0 226016 का पंजीकरण दिनांक 21 नवम्बर, 2017 को कराया गया था जिसमें अरूण जैन प्रथम, संजय पंजवानी द्वितीय, राजीव पंजवानी तृतीय, नमित भारद्वाज चतुर्थ, रेनिश वाडिया पांचवें, निखिल कुमार छठें एवं अरूण गावरी सातवें साझीदार थे, जिसमें सातवें साझेदार के स्थान पर जय पंजवानी को दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 से शामिल कर लिया गया है। उक्त तिथि से पूर्व के सातवें साझेदार का भविष्य में कोई लेना-देना नहीं होगा तथा फर्म का स्थान परिवर्तित करके 609 से 612, छंठा फ्लोर, साइबर हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उ0प्र0 226010 कर दिया गया है।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक रूप से औपचारिकताओं का पालन स्वयं मेरे द्वारा किया गया है।

अरूण जैन,
साझेदार,
मेसर्स-''स्नार फूड्स''।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 मैनपुरी सर्विस स्टेशन, आगरा बाईपास रोड, मैनपुरी में स्थित है उपरोक्त फर्म में हम उदयवीर सिंह पुत्र श्री राम स्वरूप जैन निवासी खैरगढ़, जिला फिरोजाबाद एवं श्री पियूष चन्देल पुत्र श्री विजय कुमार चन्देल, निवासी पावर हाउस रोड, जिला मैनपुरी दोनों साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 01 अप्रैल, 2008 को संचालन की थी जो आज दिनांक 01 अप्रैल, 2020 को अपनी स्वेच्छा से फर्म से श्री उदयवीर सिंह पुत्र श्री राम स्वरूप जैन, निवासी खैरगढ़, जिला फिरोजाबाद पृथक हो गये हैं। अब फर्म को श्री पियूष चन्देल और श्रीमती तृप्ति सिंह साझेदार के रूप में संचालित करेंगे।

पियूष चन्देल,
साझेदार,
मे0 मैनपुरी सर्विस स्टेशन,
आगरा बाईपास रोड, मैनपुरी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 श्री गंगा एच0पी0 फिलिंग स्टेशन, ग्राम व पोस्ट-पुरदिल नगर, तहसील सिकन्द्राराऊ, जिला-हाथरस में श्री पीयूश शर्मा पुत्र श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी-48, स्टेट बैंक कॉलोनी, प्रीमियर नगर, अलीगढ़, दिनांक 15 फरवरी, 2021 से नये भागीदार के रूप में सम्मिलित किये गये हैं तथा फर्म के पूर्व द्वितीय पक्ष भागीदार श्री अजय कुमार जैन पुत्र स्व0 विजय कुमार जैन, वर्तमान निवासी जी0टी0 रोड, पंच चौराहा, लाला का नगला, सिकन्द्राराऊ, जिला हाथरस, दिनांक 15 फरवरी, 2021 से उक्त फर्म से अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं। अब फर्म में श्री प्रेमशंकर शर्मा व पीयूश शर्मा ही भागीदार हो गये हैं।

प्रेम शंकर शर्मा,
भागीदार।

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स एम0बी0 एक्सपोर्ट्स इन्टरनेशनल, वर्तमान पता 84/3ए, फजलगंज, कानपुर एवं फैक्टरी बी-8 यू0पी0एस0 आई0डी0सी0 टेक्सटाइल पार्क, रूमा कानपुर, पूर्व पता 16/52, सिविल लाइन्स, कानपुर एवं फैक्टरी शाखा 84/3ए, फजलगंज कानपुर में सर्वश्री अनिल शरण गर्ग, सुनील शरण गर्ग, सुधीर शरण गर्ग एवं श्रीमती रूची गर्ग पार्टनरशिप डीड दिनांक 19 दिसम्बर, 2006 के अनुसार पार्टनर थे और उपरोक्त फर्म से सर्वश्री अनिल शरण गर्ग एवं सुनील शरण गर्ग दोनों निवासीगण 7/18, पार्वती बागला रोड, कानपुर अपनी स्वेच्छा से दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 से पृथक हो गये हैं और वर्तमान में सर्वश्री सुधीर शरण गर्ग, मयंक शरण गर्ग, शशांक शरण गर्ग एवं श्रीमती रूची गर्ग सभी निवासीगण 7/18, पार्वती बागला रोड, कानपुर दिनांक 01 जनवरी, 2021 से पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 जनवरी, 2021 के अनुसार पार्टनर हो गये हैं।

पार्टनर,
सुधीर शरण गर्ग।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 मार्डन इन्डस्ट्रीज, पता आर-05/06, परसाखेड़ा रोड नं0 01, बरेली, यू0पी0, पिन कोड 243502 फर्म पंजीकरण संख्या बी-11610 में कुल दो साझेदार सुशील कुमार महेश्वरी पुत्र स्व0 उमा शंकर महेश्वरी थे फर्म के एक साझेदार सुशील कुमार महेश्वरी ने अपनी स्वेच्छा से दिनांक 01 नवम्बर, 2020 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग कर लिया। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब किताब चुकता हो गया है किसी प्रकार का साझेदार का फर्म पर या साझेदार पर कोई लेना-देना बकाया नहीं रह गया है। अब फर्म में कुल 2 साझेदार हैं। सौरभ महेश्वरी एवं मंजू महेश्वरी हैं तथा फर्म में एवं साझेदार में किसी प्रकार कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

सौरभ माहेश्वरी,
साझेदार,
मे0 मार्डन इन्डस्ट्रीज, बरेली।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 चन्द्र शील कोल्ड स्टोरेज, जो 21/30, फ्रीगंज, आगरा में स्थित थी वर्तमान में एन0 एच0-2 मथुरा रोड रूनकता, आगरा पर स्थित है। उपरोक्त फर्म में रविन्द्र मोहन पचौरी पुत्र श्री आर0 एस0 पचौरी, निवासी 1/55, दिल्ली गेट, आगरा, श्री सुनील चंद बंसल पुत्र स्व0 चन्द्रभान बंसल, निवासी 21/30, फ्रीगंज, आगरा व श्री विशाल बंसल पुत्र श्री सुनील चंद बंसल, निवासी 21/30, फ्रीगंज, आगरा साझेदार थे। श्रीमती रजनी पचौरी पत्नी डा0 रविन्द्र मोहन पचौरी, निवासी 1/55, दिल्ली गेट, आगरा दिनांक 10 नवम्बर, 2006 से उक्त फर्म में सम्मिलित हो गयी हैं एवं श्री सुनील चंद बंसल पुत्र स्व0 चन्द्रभान बंसल, निवासी 21/30, फ्रीगंज, आगरा व श्री विशाल बंसल पुत्र श्री सुनील चंद बंसल, निवासी 21/30, फ्रीगंज, आगरा, दिनांक 10 नवम्बर, 2006 से उक्त फर्म से अपनी स्वेच्छा से पृथक हो गये हैं। दिनांक 20 नवम्बर, 2020 को श्री ऋषभ पचौरी व डा0 रजत पचौरी पुत्रगण डा0 रविन्द्र मोहन पचौरी सम्मिलित हो गये हैं। वर्तमान में फर्म में रविन्द्र मोहन पचौरी, रजनी पचौरी, ऋषभ पचौरी व डा0 रजत पचौरी साझेदार हैं।

रविन्द्र मोहन पचौरी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 आर0 आर0 डवलपर्स, जो 1/55, दिल्ली गेट, आगरा में स्थित है। उपरोक्त फर्म में रविन्द्र मोहन पचौरी पुत्र श्री आर0 एस0 पचौरी, रजनी पचौरी पत्नी श्री रविन्द्र मोहन पचौरी, निवासीगण-1/55, दिल्ली गेट, आगरा, श्री विपिन कुमार गोयल व श्री अजय कुमार गोयल पुत्रगण स्व0 रामकिशन गोयल, श्रीमती शशी गोयल पत्नी श्री संजय कुमार गोयल, श्रीमती दीपिका गोयल व कु0 पूजा पुत्रीगण स्व0 श्री संजय कुमार गोयल व श्री तरूण गोयल पुत्र स्व0 संजय कुमार गोयल, निवासीगण 93, नार्थ विजय नगर कॉलोनी, आगरा साझेदार थे। श्री विपिन कुमार गोयल व श्री अजय कुमार गोयल पुत्रगण स्व0 रामकिशन गोयल, श्रीमती शशी गोयल पत्नी श्री संजय कुमार गोयल, श्रीमती दीपिका गोयल व कु0 पूजा पुत्रीगण स्व0 संजय कुमार गोयल व श्री तरूण कुमार गोयल पुत्र स्व0 संजय कुमार गोयल, निवासीगण 93, नॉर्थ विजय नगर कालोनी, आगरा, दिनांक 08 जुलाई, 2008 से उक्त फर्म से अपनी स्वेच्छा से पृथक हो गये हैं। दिनांक 20 नवम्बर, 2020 को श्री ऋषभ पचौरी व डा0 रजत पचौरी पुत्रगण डा0 रविन्द्र मोहन पचौरी सम्मिलित हो गये हैं। वर्तमान में फर्म में रविन्द्र मोहन पचौरी, रजनी पचौरी, ऋषभ पचौरी व डा0 रजत पचौरी साझेदार हैं।

रविन्द्र मोहन पचौरी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, आमिना खातून पत्नी मुहम्मद लतीफ, ग्राम-सेमरा मुस्तहकम, पोस्ट-सकारपार, तहसील-बांसी, जिला-सिद्धार्थनगर की निवासिनी हूं। मैं आमिना खातून (Aamina Khatoon) पत्नी मुहम्मद लतीफ तथा अमीना खातून (Amina Khatoon) पत्नी मुहम्मद लतीफ दोनों नामों से जानी पहचानी जाती हूं, दोनों नाम मेरा ही है मेरे पति मुहम्मद लतीफ ने अपना नाम बदल कर अब्दुल लतीफ कर लिये हैं। उत्तर प्रदेश सरकारी गजट प्रयागराज, शनिवार 26 सितम्बर, 2020 ई0 (आश्विन 4, 1942 शक संवत्) भाग 8 के पृष्ठ संख्या 540 में प्रकाशित करवा लिये हैं अब मुझे केवल आमिना खातून (Aamina Khatoon) पत्नी अब्दुल लतीफ पता उपरोक्त के रूप में जाना पहचाना एवं लिखा जाय। आरा मशीन लाइसेंस संख्या 67 जो अमीना खातून पत्नी मुहम्मद लतीफ के नाम से है अब आमिना खातून पत्नी अब्दुल लतीफ के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा जाय।

आमिना खातून पत्नी अब्दुल लतीफ।

सूचना

मोहम्मद सोहराब व शोहराब अली एक ही व्यक्ति हैं। भविष्य में इन्हें शोहराब अली पुत्र हाजी अलाउद्दीन जाने व पहचाने। शोहराब अली, लोहराडीह कपसेठी, वाराणसी।

शोहराब अली पुत्र
स्व0 हाजी अलाउद्दीन,
निवासी-ग्राम लोहराडीह, पोस्ट कपसेठी,
जनपद वाराणसी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम लीला देवी था। मैंने अपना नाम बदलकर लीलावती देवी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

लीलावती देवी पुत्री
स्व0 बृजनाथ प्रसाद,
निवासी-ग्राम चकतिलसवां, पोस्ट-राजापुर,
जनपद-मऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 शुद्ध प्लस हाईजिन प्रोडक्ट्स, पता-402, गैलेन्ट लैण्ड मार्क, विजय चौक, बैंक रोड, गोरखपुर, उ0प्र0 273001 साझीदारी फर्म में से मे0 शुद्ध प्लस हाईजिन प्रोडक्ट्स प्रा0लि0 (साझीदार), पता-402, गैलेन्ट लैण्ड मार्क, विजय चौक, बैंक रोड, गोरखपुर, उ0प्र0 273001 फर्म से दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 से पृथक हो गये हैं। दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 से मे0 शुद्ध प्लस हाईजिन प्रोडक्ट्स प्रा0लि0 का फर्म से कोई लेना-देना अवशेष नहीं रह गया है। दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 से फर्म से मे0 शुद्ध प्लस हाईजिन प्रोडक्ट्स प्रा0लि0 के पृथक होने के उपरान्त फर्म में निम्न साझीदार रह गये हैं। 1—मे0 के0जी0 पान प्रोडक्ट्स प्रा0लि0, पता-भूखण्ड संख्या 4/13, सेक्टर-13, गीडा सहजनवां, गोरखपुर, उ0प्र0-273209, 2—श्री अमर तुलस्यान पुत्र श्री कृष्ण कुमार तुलस्यान, निवासी-801, बसन्त इनक्लेव राजेन्द्र नगर पूर्वी लच्छीपुर, गोरखपुर-273015, 3—श्री शरत खेमका पुत्र श्री दीपक खेमका, निवासी-631 ई, पार्वती बंगला रोड, कानपुर, उ0प्र0-208002, 4—श्री गौरव बथवाल पुत्र श्री राजकुमार बथवाल, पता-कार्तिकेय विला गांधीनगर, गोलघर, गोरखपुर, उ0प्र0-273001।

अमर तुलस्यान,
साझीदार,
मे0 शुद्ध प्लस हाईजिन प्रोडक्ट्स।

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स मारकन्डेय सिंह एसोसिएट्स, ग्राम व पो0-कन्हौली, जनपद-देवरिया, उ0प्र0 में साझेदार डीड दिनांक 17 अक्टूबर, 2013 से क्रमशः मारकंडेय सिंह, श्री अरूण कुमार सिंह एवं श्री शैलेश कुमार तिवारी कुल तीन साझेदार रहे हैं। साझेदार शैलेश कुमार तिवारी पुत्र स्व0 शम्भू शरण तिवारी, दिनांक 02 मार्च, 2021 से स्वेच्छा से रिटायर्ड हो गये हैं। उनके हिस्से का हक उन्हें बचे हुये दोनों साझेदार मारकंडेय सिंह एवं श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा अदा किया गया तथा साझेदारी डीड दिनांक 02 मार्च, 2021 से श्री सागर सक्सेना पुत्र संजीव कुमार सक्सेना उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हो चुके हैं। शेष बचे तीन साझेदार मारकंडेय सिंह व श्री अरूण कुमार सिंह एवं श्री सागर सक्सेना द्वारा आगे साझेदारी में व्यापार का संचालन किया जायेगा।

मारकन्डेय सिंह,
मेसर्स मारकन्डेय सिंह एसोसिएट्स,
ग्राम व पो0-कन्हौली, जनपद-देवरिया, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स रॉयल सिक्योरिटी एण्ड मैन पावर सर्विसेज, म0नं0 405/5, ए0डी0ए0 कालोनी, चक नौनिया, नैनी, प्रयागराज की भागीदार मनोरमा दिनांक 27 फरवरी, 2021 को उक्त फर्म से स्वेच्छा पूर्व अपनी भागीदारी समाप्त करते हुये अलग हो गयी हैं। श्री भाष्कर नारायण पाण्डेय नये भागीदार के रूप में उक्त फर्म में स्वेच्छा पूर्वक शामिल हो गये हैं। फर्म से पृथक हुयी भागीदार मनोरमा का उक्त फर्म से सम्बन्धित किसी प्रकार का लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है। फर्म का पूर्व पंजीकृत पता म0नं0 405/5, ए0डी0ए0 कालोनी, चक नौनिया, नैनी, इलाहाबाद से परिवर्तित कर ई0ई0 150 दूरवाणी नगर, ए0डी0ए0, नैनी, प्रयागराज कर लिया गया है।

मनोज कुमार सोनी,
भागीदार।

NOTICE

This is to declare that profit/loss percentage of Manoj Kumar Singh Partner is increased from 50% to 90% and that of Abhay Shankar Singh Partner is decreased from 50% to 10% in the firm of M/s. SHIV SHAKTI CONSTRUCTION R/o Faridaha Khanpur, Ghazipur effect from 01-04-2020. Rest all terms and conditions are kept as it is.

Manoj Kumar Singh,
Faridaha Khanpur, Ghazipur.

पी0एस0यू0पी0—49 हिन्दी गजट—भाग 8—2021 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।